भाद्रपद कृष्ण पक्ष-3, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 89 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

20 सितम्बर 2024 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

28 अधिकतम

21 न्यूनतम



Page- 7

## कोलकाता में सीएम का निवेशकों के साथ सेशन, मप्र में कांग्रेस का किसान-मोर्चा

# निवेश के रथ पर सवार सरकार, कांग्रेस की किसानों के लिए ट्रैक्टर पर सवारी

**भोपाल/इंदौर, दोपहर मेट्रो।**

मप्र सरकार आज पश्चिम बंगाल में निवेश के लिए उद्योगपतियों के लिए रेड कार्पेट बिछाकर निवेश प्रस्तावों की कवायद कर रही है। फरवरी में मप्र में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की तैयारी के तहत आज मुख्यमंत्री मोहन यादव कोलकाता में है जो देश में बंगाली साड़ियों और वस्त्रों के कारोबार के साथ ही इस्पात उद्योगों के लिए भी जाना जाता है। मुंबई, कोयंबटूर और बेंगलुरु के बाद यादव का यह चौथा पड़ाव है। वे कोलकाता में इंटरेक्टिव सेशन को संबोधित कर रहे हैं। सीएम इस दौरान कोलकाता में प्लास्टिक, खाद्य प्रसंस्करण, फार्मास्यूटिकल्स सेक्टर के उद्योगपतियों के साथ संवाद भी करेंगे। मप्र का फोकस इन निवेशकों को प्रमुख स्टेक होल्डर्स के साथ जुड़ने, वन-टू-वन चर्चाओं में भाग लेने और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ नेटवर्क बनाने के लिए एक मंच प्रदान करने का है।

उल्लेखनीय है कि कोलकाता इस्पात, प्लास्टिक, खाद्य प्र-संस्करण, फार्मास्यूटिकल्स और वस्त्र जैसे विविध क्षेत्रों के साथ देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में से एक है। इंटरएक्टिव सत्र में पश्चिम बंगाल क्षेत्र में स्थित विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्योगपति मौजूद हैं।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले मप्र सरकार ने रीजनल इंडस्ट्री समिट का आयोजन भी उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर में किया है। इसमें देश के कई नामी उद्योगपतियों ने निवेश के करार किए हैं इससे रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

### बंगाल के उद्योगतियों से रूबरू मुख्यमंत्री





### बड़े पैमाने पर मिला लाभ: सीएम

मुख्यमंत्री यादव ने कोलकाता रवाना होने से पहले मीडिया से कहा कि सरकार का प्रयास है कि देश विदेश के निवेशक और उद्योगपति मध्य प्रदेश में निवेश करें और औद्योगिक गतिविधियों का संचालन करें। इससे प्रदेश में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। देश के विभिन्न भागों में हो रही इन्वेस्टर समिट से उद्योगपतियों और निवेशकों से संवाद, उनकी समस्याओं के समाधान और औद्योगिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी उनसे साझा करने का अवसर मिलता है। अब तक हुई इन्वेस्टर समिट का प्रदेश को बड़े पैमाने पर लाभ मिला है।
यादव ने कहा कि रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से अभियान के रूप में गतिविधियां संचालित कर रही है। क्षेत्रीय स्तर पर जारी इन्वेस्टर समिट के आगामी क्रम में 27 सितंबर को सागर में समिट का आयोजन होगा।

## किसानों के समर्थन के लिए मूल्य पर मप्र में जोर लगा रही कांग्रेस



इधर आज मप्र में कांग्रेस ने सभी जिलों में किसानों की समस्याओं को हल करने, समर्थन मूल्य बढाने जैसे मामलों को लेकर प्रदर्शन कर रही है। इसे किसान न्याय यात्रा नाम दिया गया है और कांग्रेस नेता ट्रेक्टर पर सवार होकर ज्ञापन देने बढ रहे हैं। मुख्य कार्यक्रम इंदौर में कोंस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अगुवाई में हो रहा है। इसमें प्रभारी महासचिव जितेन्द्र सिंह व पूर्व सीएम दिग्विजयसिंह मौजूद हैं। यहां सीमाओं पर सुबह से ट्रेक्टरों को रोका जा रहा था,इसे लेकर प्रदर्शन में भी तनातनी की स्थिति बन रही है।

अन्य जिलों मे भी स्तर पर किसान न्याय यात्राऐं चल रही हैं और प्रशासन से टकराव की खबरें भी हैं। इन यात्राओं में अलग-अलग जिलों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ छिन्दवाड़ा में, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार-धार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह भोपाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया-झाबुआ, कमलेश्वर पटेल-रीवा, हेमंत कटारे और पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह-भिण्ड, सांसद अशोक सिंह-मुरैना, जयवर्धन सिंह-गुना सज्जन सिंह वर्मा-उज्जैन और नीलांशू चतुर्वेदी सतना जिले में आयोजित किसान न्याय यात्रा में शामिल हैं।


**ट्रेक्टर के बिना मार्च पर टकराव:** इस प्रदर्शन के लिये कांग्रेस का आरोप है कि हर जिले में प्रशासन ट्रेक्टरों के शामिल करने की अनुमति देने पर हिचक रहा है। इंदौर में भी भारी बहस के बाद पांच टैक्टरों को यात्रा में शामिल करने की मंजूरी की खबर हैं। इंदौर में 150 ट्रैक्टरों की रैली के लिए अनुमति मांगी गई थी। अफसरों का कहना है कि सांकेतिक रूप से 5 ट्रैक्टरों के साथ यात्रा निकाली जा सकती है।50 ट्रैक्टर की अनुमति भी नहीं मिली।

### भोपाल में बुल्डोजर लेकर पुलिस तैनात

भोपाल की किसान न्याय यात्रा में शामिल होने जिले भर के किसान ट्रैक्टर से रातीबड़ पहुंचे यहां से ट्रैक्टर रैली के रूप में नीलबड़ होते हुए डिपो चौराहा से कलेक्ट्रेट जाने की कोशिश में हैं। यात्रा में शामिल हो रहे 150 से ज्यादा ट्रैक्टरों को रोकने के लिए पुलिस ने सूरज नगर तिराहे पर दो बुलडोजर तैनात किए हैं। एडिशनल डीसीपी रश्मि अग्रवाल दुबे ने बताया कि यात्रा को सूरज नगर तिराहे पर रोका जाएगा। यहीं एडीएम को ज्ञापन दिलवाया जाएगा।

## खूब बरसे बदरा, अब ठंड की दस्तक

**नई दिल्ली , एजेंसी।**



देश में अब मानसून की विदाई की बेला आ चली है। वहीं कई हिस्सों में लगातार बारिश होने से मौसम बदला लग रहा है ,खास तौर पर सुबह और रात सुहावनी हैं। दिल्लीवालों को तो ठंड का अहसास होने लगा है। यहां कल न्यूनतम तापमान 17.8 डिग्री दर्ज किया गया, जिसने 15 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले दिल्ली में 23 सितंबर, 1972 को 13.6 डिग्री दजो कि गया था। मौसम विभाग के मुताबिक, तापमान में यह गिरावट व्यापक जलवायु पैटर्न को दर्शाती है। यहां जल्द नियमित ठंडक का दौर शुरू हो सकता है। अन्य स्थानों पर भी ठंड जल्द दस्तक देगी। मप्र में भी 42 इंच बारिश हो चुकी है और एक दो छिटपुट दौर अभी आने के आसोर बाकी हैं। 22 सितंबर के बाद कुछ अंचलों में जोरदार बारिश के आसार हैं।

## पीएम मोदी 9 वीं बार अमेरिका यात्रा पर

**नई दिल्ली , एजेंसी।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर अमेरिका दौरे के लिए रवाना होने वाले हैं। बतौर पीएम वह अब तक 8 बार अमेरिका का दौरा कर चुके हैं और यह उनकी नौवीं यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान क्वाड नेताओं के चौथे शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जो डेलावेयर के विलमिंगटन में है। सम्मेलन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में होगा। ज्ञात हो कि पीएम रहे जवाहरलाल नेहरू कार्यकाल में 4 बार अमेरिका यात्रा पर गए, मनमोहन सिंह आठ बार अमेरिका गये थे।

## सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल हैक

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल शुक्रवार को हैक हो गया। इस पर क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े विज्ञापन दिखाए जाने लगे। यह अमेरिका की कंपनी रिपल लैब्स द्वारा विकसित क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े थे। हैक किए गए चैनल पर एक ब्लैंक वीडियो प्रसारित किया गया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के यूट्यूब चैनल पर शुक्रवार को अमेरिकी कंपनी 'रिपल लैब्स' निर्मित 'क्रिप्टोकरंसी' के प्रचार वाला एक वीडियो दिखाई देने लगा। हालांकि, वीडियो को खोलने पर उस पर कुछ दिखाई नहीं दिया। वीडियो के नीचे एक कैप्शन लिखा था, 'ब्रैड गार्लिंगहाउस- रिपल रेसपोंड्स टू द एसईसी 2 बिलियन डॉलर फाइन! एक्सआरपी प्राइज प्रेडिक्शन।' सुप्रीम कोर्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम इस बारे में निश्चित नहीं हैं कि वास्तव में क्या हुआ है. लेकिन ऐसा लगता है कि वेबसाइट के साथ छेड़छाड़ की गई है.




## मालगाड़ी का कोयला पटरी पर बिखरा, बेपटरी हुआ रेल यातायात

**मथुरा , एजेंसी।**



कोयले से लदी मालगाड़ी के पटरी से उतरने के कारण दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-चेन्नई रेल मार्ग बुरी तरह से प्रभावित है। वृंदावन रोड-अझई स्टेशनों के बीच हादसे के कारण अप और डाउन के साथ ही तीसरी लाइन पर भी ट्रेनों का कल संचालन नहीं हो सका। कपलिंग टूटने से कोयला ट्रैक पर फैल गया। कई ओएचई खंभे टूट गए। राहत कार्य में सैंकडों कर्मचारी लगाए गए। डिब्बे हटाने के लिए आगरा, झांसी और दिल्ली से क्रेन मंगाई,आज से यातायात पटरी पर लौटने के आसार हैं। दुर्घटना के कारण ग्वालियर से गुजरने वाली शताब्दी एक्सप्रेस, गतिमान एक्सप्रेस, भोपाल वंदे भारत, खजुराहो वंदे भारत, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-आगरा एक्सप्रेस ट्रेनें रद रहीं। इसके अलावा जबलपुर व छत्तीसगढ़ के शहरों को जाने वाली ट्रेनों को आगरा, टूंडला, गोविंदपुरी, प्रयागराज होते हुए मानिकपुर-कटनी के रास्ते चलाया गया। महाकौशल एक्सप्रेस को दिल्ली के बजाय आगरा से संचालित किया गया। ट्रेनों के परिवर्तित मार्ग से संचालित होने के कारण स्टेशनों पर यात्री परेशान हैं।

## बाजार में बहार है.. सेंसेक्स में 1000 अंक की तेजी

**मुंबई, एजेंसी।**




ग्लोबल बाजारों से मिले मजबूत संकेतों के बाद सेंसेक्स ने आज यानी 84,181 का और निफ्टी ने 25,716 का नया ऑलटाइम हाई बनाया। सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा की तेजी के साथ 84,218 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी में भी 280 अंक की तेजी है। यह 25,700 पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में तेजी और 4 में गिरावट है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 44 में तेजी और 6 में गिरावट है। बीते लगातार तीन दिन से सेंसेक्ट व निफ्टी लगातार आल टाइम हाई बना रहे हैं।

## हजारों राकेट-लांचर तबाह, इजरायल ने लेबनान को किया फिर टारगेट

**बेरूत , एजेंसी।**

इजरायल के धमाकों से लेबनान में हलचल मची है। पहले पेजर और फिर वॉकी-टॉकी, सोलर पैनल, लैपटॉप और रेडियो सहित कई तरह के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों में ब्लास्ट से सिर्फ लेबनान में ही नहीं बल्कि पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव गहरा रहा है। इस बीच इजरायल के युद्धविमानों ने एक बार फिर लेबनान को दहला दिया।

इजरायली सेना आईडीएफ ने दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया और सैकड़ों रॉकेट लॉन्चर बैरल तबाह कर दिए। हिजबुल्लाह इन रॉकेट लॉन्चर्स का इस्तेमाल इजरायली क्षेत्र में धमाके के लिए करने वाला था। इजराइली सेना का कहना है कि हमारे लड़ाकू विमानों ने 1,000 बैरल वाले करीब 100 रॉकेट लॉन्चरों पर हमला कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया।

### मिडिल ईस्ट में तनाव गहराया



लेबनान में लगातार ब्लास्ट के बाद हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह ने इजरायल की इस करतूत का जंग-ए-ऐलान बताया लेकिन जिस वक्त नसल्लाह देश को संबोधित कर रहे थे, उसी समय इजरायल, लेबनान पर रॉकेट दाग रहा था।

## बाग्लादेश की टीम भी लडखडाई, पांच विकेट गिरे

**चैन्नेई, एजेंसी।**

बांग्लादेश की टीम भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में लड़खड़ा गई है। आज मुकाबले का दूसरा दिन है और दूसरे सेशन का खेल जारी है। 376 रन के जवाब में बांग्लादेश ने 64 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए हैं। शाकिब अल हसन और लिटन दास क्रीज पर हैं।मुश्फिकुर रहीम ( 8 रन) को जसप्रीत बुमराह ने केएल राहुल के हाथों कैच कराया। उन्होंने पहले ओवर में शादमान इस्लाम ( 2 रन) को बोल्ड किया। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ( 20 रन) मोहम्मद सिराज का शिकार बने। आकाश दीप ने जाकिर हसन ( 3 रन) और मोमिनुल हक ( शून्य) को लगातार बॉल पर बोल्ड किया।

**मेट्रो एंकर**

## परिसीमन के बाद कश्मीर के बाद नई सीट पर बारीदार समाज हुआ मुखर

# वैष्णोदेवी सीट पर अयोध्या व बद्रीनाथ जैसे नतीजों का जिक्र क्यों छिड़ा!

**जम्मू, एजेंसी।**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा की कुल 90 सीटों में से एक सीट की इन दिनों काफी चर्चा है। इसका नाम है, श्रीमाता वैष्णो देवी विधानसभा सीट। पहले यह इलाका रियासी विधानसभा सीट में ही आता था लेकिन 2022 में हुए परिसीमन के बाद यह नई सीट बनी है। भाजपा के लिए यह सीट इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह धार्मिक लिहाज से हिंदुओं के लिए अहम है। हाल में एनबीटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक बुजुर्ग ने कहा कि अयोध्या और बद्रीनाथ जैसा यहां हुआ तो गजब हो जाएगा। दरअसल लोकसभा चुनाव में फैजाबाद सीट पर बीजेपी हारी थी और फैजाबाद सीट में ही अयोध्या आता है। इसके बाद उत्तराखंड में उपचुनाव में बीजेपी बदरीनाथ सीट भी हार गई थी। बताया जाता है कि जम्मू की इस सीट पर बारीदार वोटर्स जिस तरफ जाएंगे उससे नतीजे प्रभावित होंगे। बारीदार माता वैष्णो देवी को अपनी कुलदेवी मानते हैं और कहते हैं कि श्रीधर उन्हीं के वंशज थे। श्रीधर को ही माता ने दर्शन दिया और त्रिकुट पर्वत पर बसने की बात बताई थी। तभी से बारीदार माता की पूजा करते हैं। लेकिन इस वक्त बारीदार नाराज हैं वे लंबे वक्त से अपने हक की मांग कर रहे हैं। बारीदार सेवा समिति के अध्यक्ष शेरसिंह ने कहा कि मंदिर की गुफा की मलकियत बारीदारों के पास भी है लेकिन उन्हें उनका हक नहीं दिया गया है। 986 में 30 अगस्त की रात को बारीदारों को गुफा से बाहर कर दिया गया और सारे अधिकार श्राइन बोर्ड को दे दिए। बारीदारों की मांग है कि गुफा में चढ़ावा का एक तिहाई हिस्सा दिया जाए, साथ ही बारीदारों को श्राइन के हॉस्पिटल, कॉलेज में भी नौकरी दी जाए।




### उम्मीदवारी पर गफलत हुई !

जब बीजेपी ने अपनी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की तो इस सीट पर रोहित दुबे का नाम था। मगर वह लिस्ट कुछ ही घंटे में वापस ले ली क्योंकि इसे लेकर काफी विरोध हुआ। बाद में बीजेपी ने जब नई लिस्ट में इस सीट पर उम्मीदवार का ऐलान किया तो बलदेवराज शर्मा को उम्मीदवार बनाया। कांग्रेस के उम्मीदवार भूपेंद्र सिंह हैं। श्रीमाता वैष्णो देवी सीट पर दूसरे फेज में 25 सितंबर को वोटिंग होनी है। वहीं करीब 15 हजार बारीदार वोटर के चलते बारीदार संघर्ष समिति ने अपने अध्यक्ष श्याम सिंह को निर्दलीय उतारा है और उनका कहना है कि कोई पार्टी हमारे हक की मांग को पूरा नहीं कर रही है इसलिए हमने अपना कैंडिडेट उतारा है। हालांकि बारीदार सेवा समिति के अध्यक्ष उन्हें अपना उम्मीदवार नहीं बता रहे हैं। अलबत्ता बारीदार समाज के बीच ये चर्चा चल रही है कि बारीदारों ने पीएम को यहां आकर रैली करने को मजबूर कर दिया। रैली में मोदी ने कहा कि बारीदार समाज के जो पुराने मुद्दे हैं, उन्हें मैं जानता हूं समझता हूं। हमने ही बारीदार समाज के बच्चों की बारहवीं तक की पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप शुरू करवाई। पिछले 10 साल में बारीदार समाज के युवाओं को 9 करोड़ रुपये से ज्यादा की स्कॉलरशिप दी गई। बेटियों की शादी के लिए भी मदद दी गई।

## शाह नक्सल हिंसा पीड़ितों से मिले

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोहराया है कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर अगले एक से डेढ़ वर्ष में राज्य को नक्सली हिंसा से मुक्त कराने के प्रति वचनबद्ध है। श्री शाह ने शुक्रवार को यहां अपने आवास पर छत्तीसगढ़ के नक्सली हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित इलाकों के हिंसा प्रभावित 55 लोग बस्तर शांति समिति के तत्वाधान में केन्द्रीय गृह मंत्री से मिले। गृह मंत्री ने इन लोगों को संबोधित करते हुए आश्वस्त किया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर उनके कल्याण तथा क्षेत्र के विकास के लिए योजनाएं बनाकर उनको अमली जामा पहनाएगी। उन्होंने नक्सली हिंसा में शामिल लोगों से हथियार छोड़कर मु य धारा में शामिल होने की अपील की।



# नवरात्रि की तैयारी शुरू, प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार

**भोपाल।** नवरात्री को लेकर उत्साह शुरू होने को है। 3 अक्टूबर को शुभ मुहूर्त में माता रानी विभिन्न पंडालों में विराजेंगी। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। वहीं मूर्ति कलाकार भी प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। शहर के कई स्थानों में प्रतिमा बनाई जा रही हैं इसमें कुछ लोकल तो कुछ बाहर के कलाकार आकर प्रतिमा बना रहे हैं। बाजार में भी नवरात्री को लेकर चहल-पहल बढ़ गई है।





### मासूम से दुष्कर्म का मामला

# स्कूल को प्रशासन ने किया सील मान्यता निरस्त की कार्यवाही शुरू

## आज शिक्षकों के लिए जाएंगे बयान, 4 सदस्यीय जांच समिति 3 दिन में जांच रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगी, छात्र-छात्राओं के सुरक्षा इंतजाम के पॉइंट पर जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी भोपाल में साढ़े तीन साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के मामले में रैडक्लिफ स्कूल प्रबंधन का विरोध होने के बाद स्कूल को सील कर दिया गया है। वहीं जिला प्रशासन ने स्कूल की मान्यता निरस्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। मामले में जांच कमेटी गठित कर दी गई है। गुरुवार को स्कूल की शिक्षिकाओं के बयान लिए गए हैं। बाकी शिक्षिकाओं व स्टाफ के बयान शुक्रवार को लिए जाएंगे। एसडीएम ने बताया कि 4 सदस्यीय जांच समिति 3 दिन में जांच रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगी। प्रशासन ने स्कूल में छात्र-छात्राओं के सुरक्षा इंतजाम के पॉइंट पर जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जांच समिति ने दिए गए निर्देशों के तहत स्कूल की जांच शुरू कर दी है। जांच समिति में डॉ. अर्चना शर्मा , एसडीएम टीटी नगर, सुनील सोलंकी, कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग, भोपाल, एनके अहिरवार, जिला शिक्षा अधिकारी व ओमप्रकाश शर्मा , जिला समन्वयक, शिक्षा केंद्र शामिल हैं।



### यह है मामला

दरअसल, बीते बुधवार को कमला नगर स्थित रैडक्लिफ स्कूल में तीन सील की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था। मामले में आरोपी स्कूल के टीचर कासिम रेहान को बनाया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, मामले की जांच के लिए भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आरोपी को फांसी की मांग, जलाया पुतला

गुरुवार को सुबह से ही स्कूल के सामने बड़ी संख्या में अभिभावकों के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, करणी सेना, संस्कृति बचाओ मंच के कार्यकर्ता, सहित कॉलेज के विद्यार्थी पहुंचे और जमकर प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन से अपने बच्चों की टीसी और फीस वापस देने की मांग के साथ स्कूल की मान्यता निरस्त करने की मांग की। उन्होने कहा कि आरोपी टीचर कासिम रेहान को फांसी की सजा दी जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने यहां पुतला दहन करने साथ ही जमकर नारेबाजी की। स्कूल के सामने लगे बोर्ड को भी तोड़ दिया गया। तत्काल कार्यवाही मांग करते हुए परिजन और सामाजिक कार्यकर्ता स्कूल के मुख्य गेट के सामने ही सड़क पर बैठ गए। स्कूल सील होने और मान्यता निरस्त करने की कार्यवाही शुरू होने के बाद अभिभावकों ने प्रदर्शन बंद किया।

### एआई आधारित फेस रिकग्निशन

# मुंबई, बेंगलुरु की तर्ज पर भोपाल में सुरक्षा के लिए नई तकनीकी का प्रयोग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कवर्ड कैंपस में बीते एक साल के दौरान बड़ी चोरियां हुई हैं। कई मर्डर के मामले भी सामने आए। यही वजह है कि हाल में जिला प्रशासन व पुलिस ने बकायदा गाइडलाइन जारी कर कवर्ड कैंपस को खुद की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों की स्थापना अनिवार्य कर दी। मेट्रो ट्रेन स्टेशन व ट्रेन में भी इन कैमरों की स्थापना की जाएगी, ताकि संदिग्ध की पहचान हो सके।

फेस रिकग्निशन तकनीक कैमरों में एक उन्नत फीचर है, जो चेहरे की पहचान के माध्यम से व्यक्ति की पहचान करने में मदद करता है। यह तकनीक कई स्थानों पर सुरक्षा और सर्विलांस को बढ़ाने के लिए उपयोग की जाती है, जैसे एयरपोर्ट, मॉल, सरकारी भवन, या किसी महत्वपूर्ण जगह पर। ये व्यक्ति के चेहरे को स्वचालित रूप से स्कैन करता है और इसे डेटाबेस में मौजूद चेहरों से मिलाकर पहचान करता है। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान होते ही तुरंत अलर्ट भेजती है, जिससे सुरक्षा



टीम तेजी से कार्रवाई कर सके। इनमें हाई-रेनोल्यूशन कैमरा लेंस होता है, जो चेहरे की छोटी से छोटी डिटेल्स को भी कैप्चर कर सकता है। कम रोशनी वाली स्थिति में भी अच्छी पहचान कर सकते हैं। गौरतलब है कि शहर में 2500 से अधिक बड़ी कवर्ड कैंपस कॉलोनियां हैं। 6 घटनाएं हर माह कवर्ड कॉलोनियों में दर्ज की जा रही।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आगाज



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पितृ पक्ष में सैनिक कॉलोनी नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर पितरों के निमित्त श्रीमद् भागवत कथा मूल पाठ का शुभारंभ कथा कलश यात्रा के साथ हुआ, कथा व्यास से अनिल रूद्रजी कथा का वाचन कर रहे हैं।

रूद्रजी ने कहा कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा का बहुत महत्व बताया पितृपक्ष में अगर श्रद्धालु गण श्रीमद् भागवत कथा एक भी श्लोक अगर श्रद्धा से सुनता है तो अपने पूर्वजों का कल्याण होता है और स्वयं वे मोक्ष प्राप्त होता है। व्यास पीठ का पूजन मुख्य यजमान पूर्व जिला पंचायत के सदस्य विष्णु विश्वकर्मा, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मध्य प्रांत के विशाल पुरोहित ने किया। मंदिर के पुजारी पंडित रवि पटेरिया ने बताया कि 19 से 24 सितंबर तक चलेगी प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से कथा का वाचन किया जाएगा। साथ ही पितृपक्ष में तर्पण श्रद्धा का भी कार्य किया जाएगा। कथा में रोहित परमार, मोनू श्रीवास्तव, आशा तोमर, हेमा परिहार, राजू अहिरवार, रूप कुमार सोनी, रामजी ठाकुर, बलराम सिंह मेहता, तारकेश्वर व बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# आरपीजीवी के कर्मचारियों का आंदोलन स्थगित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच स्थाई कर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी समिति राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के बैनर तले आठ सूत्रीय मांगों में समर्थन में 18 सितंबर 2024 से शुरू किया गया भूख हड़ताल आंदोलन आज प्रशासन द्वारा चार सूत्रीय मांगे मंजूर करने के बाद स्थगित कर दिया गया है।मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि विश्वविद्यालय की कुलपति की पहल पर भोजन अवकाश के समय रजिस्ट्रार एवं अन्य अधिकारियों ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर मांगे मंजूर करने का पत्र सौंपा तथा 25 नवंबर तक मांगों पर आदेश जारी करने का लिखित आश्वासन दिया उसके बाद भूख हड़ताल आंदोलन पर बैठे अमर अहिरे एवं शाजली इजहार को जूस पिलाकर भूख आंदोलन स्थगित कराया।



## नानक, गुरदास को भासिंस में प्रदेश की जिम्मेदारी

**हिरदाराम नगर.** भारतीय सिंधु सभा की इंदौर में आयोजित प्रदेश स्तर की बैठक में संतनगर के नानक दादलानी को प्रदेश मंत्री व गुरदास रामचंदानी को प्रदेश कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया है। भारतीय सिन्धु सभा के राष्ट्रीय संरक्षक भगवानदास सबनानी राष्ट्रीय महामंत्री राजेश वधवानी प्रदेश अध्यक्ष गुलाब ठाकुर प्रदेश महामंत्री महेश ठारवानी राजकुमार वधवानी बजरंग सेना के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बधाई दी है।

# दो हजार बढ़े हजयात्रा के उम्मीदवार, अब तक साढ़े आठ हजार आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश से हजयात्रा पर जाने के लिए उम्मीदवारों की संख्या बढ़ रही है। तारीख बढ़ने के बाद यह संख्या करीब दो हजार बढ़कर साढ़े आठ हजार हो गई है। सेंट्रल हज कमेटी को प्रदेश से ये हज आवेदन किए गए। ऑनलाइन आवेदन जमा कराए जा रहे हैं। यात्रा के लिए आवेदनों की कम संख्या को देखते हुए हज कमेटी ने तारीख आगे बढ़ा दी है। अभी 15 सितंबर अंतिम तारीख थी। इस तारीख के बाद से अब तक करीब दो हजार लोग यात्रा के फॉर्म भर चुके हैं। बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश से हज आवेदनों की संख्या 8500 हो चुकी है। अंतिम तारीख 23 सितंबर है ऐसे में आंकड़ा दस हजार से पार होने की उम्मीद है।

**कोटा तय होने के बाद होगा चुनावः** हजयात्रा के लिए आवेदन जमा होने बाद सेंट्रल हज कमेटी हर प्रदेश के लिए कोटा तय करेगी। इस कोटे से हज आवेदनों की संख्या अगर अधिक हुई तो कुर्रा के माध्यम से चुनाव किया जाएगा। यह व्यवस्था कम्प्यूटराइज होगी।

**मेट्रो एंकर** | सेवासदन -लांग आइलैंड इन्डो अमेरिकन लॉयन्स क्लब की पहल

# न्यूयार्क के समाजसेवी ने कराए 100 रोगियों के मोतियाबिंद ऑपरेशन

## अप्रवासी भारतीय न्यूयॉर्क निवासी इन्दु और श्याम गजवानी की पहल से निर्धनजनों को राहत

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

अप्रवासी भारतीय न्यूयॉर्क निवासी इन्दु और श्याम गजवानी ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में आयोजित तीन दिवसीय मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर में 100 निर्धन नेत्र रोगियों के निःशुल्क ऑपरेशन करवाये । जिन रोगियों के ऑपरेशन हुए वे बा?ी, बरेली, सिवनी मालवा और गांधी नगर से लाये गये । इन स्थानों से 275 बाह्य रोगियों की जांच कर उनमें से 100 रोगियों को चिन्ह्ति कर उनके मोतियाबिंद के आपॅरेशन किये गये । शिविर का आयोजन सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, जीव सेवा संस्थान और लांग आइलैण्ड इन्डो अमेरिकन लॉयन्स क्लब द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है । इस अवसर पर सेवा सदन के पदाधिकारीगण मैनेजिंग ट्रस्टी ए.सी. साधवानी, ट्रस्टी राजकुमार मूलचंदानी, डॉ. दीपक झांगियानी और कार्यपालन अधिकारी पी.एस. राठौर भी उपस्थित थे । इन्दु और उनके पति श्याम गजवानी ने कल रोगियों की कुशलक्षेम पूछीं और सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में दी जा रही चिकित्सा सेवा सुविधाओं की जानकारी ली । रोगियों ने मुक्त कंठ से उपचार गुणवत्ता और



सेवादारों की सेवा की सराहना की । दानदाता दम्पति ने रोगियों को सुबह और शाम अस्पताल के वार्ड में आकर भोजन वितरित किया । जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने इन्दु और श्याम गजवानी को बताया कि विगत् 37 वर्षों में अस्पताल द्वारा दो लाख 35 हजार से भी अधिक रोगियों के निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन किये गये हैं ।

# शिकायतें छिपाने पर भड़के पर्यावरण मंत्री रावत, अफसरों को फटकारा

## मंत्रालय में समीक्षा बैठक में दिए शिकायतों पर कार्रवाही के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** शिकायतों पर कार्रवाही नहीं करने पर पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत अफसरों पर भड़क गए। फटकार लगाते हुए अफसरों से कहा कि जो भी शिकायतें आती हैं उन पर त्वरित कार्रवाही करें, किसी के दबाव में आने की जरुरत नहीं है। शिकायतों को मेरे संज्ञान में भी लाएं। फाइलों में दबाकर बैठने से कुछ नहीं होगा। यह भी कहा कि कर्मचारी, अधिकारियों की कमी की बात कहते रहने से कुछ नहीं होगा, प्रस्ताव तैयार करें और बताएं कि किस तरह और कितनी जल्द भर्ती की जा सकती है। मंत्री पर्यावरण और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कामों की समीक्षा कर रहे थे।

बताया जा रहा है कि मंत्री रावत के पास मैरिज गार्डन से होने वाले ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं ध्वनि प्रदूषण और कुछ बिल्डिंग प्रोजेक्ट में जल प्रदूषण नियंत्रण की पर्याप्त व्यवस्था न किये जाने से जुड़ी शिकायतें आईं थी जिन पर अफसरों ने कार्यवाही में देरी की की थी। ऐसा दबाव के चलते किया था, जिसके कारण पर्यावरण को नुकसान पहुंचा। जिस पर बैठक में अफसरों को मंत्री ने फटकार लगा दी। समीक्षा में प्रमुख सचिव पर्यावरण-सह-अध्यक्ष मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड गुलशन बामरा, बोर्ड के सदस्य सचिव अच्युतानंद मिश्रा और बोर्ड के विभिन्न क्षेत्रीय अधिकारी उपस्थित रहे।मंत्री ने कहा कि कम उम्र में श्वास, उच्च रक्त चाप जैसी बीमारियां अब सामान्यतः अधिक देखने में मिल रही है इसलिए कहा कि समाज के सभी वर्गों में प्रदूषण को लेकर संवेदनशीलता ब?ाने के प्रयास करे। जल, वायु व ध्वनि प्रदूषण की निगरानी बढ़ाएं, प्रदूषित जल मल-जल स्त्रोतों में न मिलें, इसके लिए प्रत्येक घर के मल-जल को सीवर से जो?ने पर विचार करें। नर्मदा एवं क्षिप्रा नदी में नगरीय निकाय एवं उद्योगों के दूषित जल से होने वाले प्रदूषण के जल को रोकने के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाए। उद्योगों में उपयोग होने वाले कोयले आदि प्रदूषणकारी ईंधन के स्थान पर सीएनजी जैसे क्लीन फ्यूल के उपयोग को बढ़ावा दें। 17 प्रकार के विशेष प्रदूषणकारी उद्योगों तथा जल एवं वायु प्रदूषण की निगरानी के लिए सतत् प्रदूषण मापन संयंत्रों की स्थापना करे और बोर्ड को और अधिक सशक्त एवं अधिकार सम्पन्न बनाने पर काम करें।



# यूपी के पूर्व मंत्री को मप्र का जिम्मा, जनता के मुद्दे टटोल रहे, अखिलेश का जल्द मप्र दौरा

## हाल ही में सोशलस्टि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष समेत 41 जिला अध्यक्षों ने ली है सपा की सदस्यता

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

विधानसभा चुनाव को अभी चार साल से अधिक का समय है, उसके पहले समाजवादी पार्टी मप्र में सक्रियता बढ़ाती दिख रही है। पार्टी के लोग चंबल, ग्वालियर, विंध्य, महाकौशल क्षेत्र में जनता के बीच जा रहे हैं। मालवा–निमाड़ में पार्टी कई कमियों से जूझ रही थी, वहां भी पार्टी ने हाल ही में मजबूती लाने के लिए सोशलिस्ट पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप सिंह मंत्री को अपने साथ लिया है। यही नहीं, उनके साथ 41 जिलों के अध्यक्ष भी सपा में शामिल हुए हैं। बताया जा रहा है कि पार्टी अंदरुनी स्तर पर तेजी से जमीन तैयार करने में जुटी है और इसके लिए यूपी की तत्कालीन सपा सरकार में मंत्री रहे स्व. मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव के खास बादशाह सिंह को मप्र की कमान दी हुई है। वह प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव के साथ लगातार सक्रिय है। अब पूर्व विधायक डॉ. सुनीलम ने भी मप्र में सक्रियता बढ़ा दी है। जनता के मुदृदे टटोलें, उनकी आवाज बनेंहाल ही में हुई प्रदेश समाजवादी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में अध्यक्ष मनोज यादव ने प्रदेश के तमाम पदाधिकारियों से वन टू वन बात की है। जिसमें कहा है कि अपने अपने क्षेत्र में जनता के मुदृदे टटोलें, उन्हें शासन–प्रशासन के सामने लाएं। इस तरह अपने क्षेत्र में अपनी जनता की आवाज बनें। जहां प्रशासन अनदेखी कर रहा हो, वहां की समस्या प्रदेश पदाधिकारियों के संज्ञान में लाएं, ताकि वरिष्ठ स्तर से भी जनता की लड़ाई को आगे बढ़ाया जा सके।



### युवाओं को जोड़ने पर फोकस

समाजवादी पार्टी का पहला फोकस युवाओं पर है, यह बात पार्टी द्वारा जिलों में पदाधिकारियों की दी जा रही जिम्मेदारी से साफ दिखाई दे रहा है। पार्टी ने प्रदेश में अलग–अलग क्षेत्रों के कई युवाओं को बीते महीनों में जोड़ा है, कुछ को नई जिम्मेदारियां भी दी है। सूत्रों के मुताबिक यूपी में वरिष्ठ नेतृत्व ने पार्टी को इस दिशा में सबसे अधिक ध्यान देकर काम करने की सलाह दी है।

# टीवी डिबेट:भिड़े भाजपा व कांग्रेस प्रवक्ता

**भोपाल।** भाजपा असहज करने वाली शिकायतों में अब कांग्रेस के एक प्रवक्ता अवनीश सिंह बुंदेला ने आरोप लगाए हैं कि भाजपा का एक प्रवक्ता टीवी डिबेट ने खुलेआम नशा कर रहा था। यही नहीं, कांग्रेस प्रवक्ता ने अपने सोशल अकाउंट से उक्त मामले को लेकर कई पोस्ट की हैं,जिसमें भाजपा प्रवक्ता के फोटो हैं, उनके हाथ में कुछ दिखाई दे रहा है, जिसे वह नशा का साधन बता रहे हैं। यही नहीं, अवनीश सिंह बुंदेला ने सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफार्म पर लिखा कि भाजपा के कोई भी प्रवक्ता उनके साथ 15 दिनों तक बहस में शामिल नहीं होंगे। यह फरमान भाजपा के ही एक विभाग के पदाधिकारियों ने अपने अधीनस्थों को दिया है। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस प्रवक्ता से यह भय अच्छा है। उधर भाजपा की ओर से इस में खुलकर सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं आ रही है। बुंदेला ने आरोप लगाए कि बहस के दौरान उक्त पार्टी के प्रवक्ता कुछ पी रहे थे और नशे में चर्चा कर रहे थे, जिस पर उन्होंने आपत्ति जताई तो विरोध किया और बहिष्कार की धमकी दी।

# ड्रोन करेंगे सीमा निर्धारण में मदद: प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के कामों में तकनीकी के उपयोग पर होगा जोर

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के कामों में तकनीकी के उपयोग की संभावनाओं पर काम शुरू हो गया है। प्राथमिक तौर पर इस काम में मदद करने के लिए ड्रोन को उपयोगी माना जा रहा है। सबसे पहले इसके उपयोग को मंजूरी मिल सकती है। बाकी की अन्य तकनीकियों को बाद में उपयोग में लाया जा सकता है। ड्रोन की मदद से क्षेत्रों को देखा जाएगा, उनकी भौगोलिक स्थितियों के अध्ययन करने में मदद ली जा सकती है। असल में मोहन सरकार ने संभाग, जिला, तहसील व विकासखंडों की सीमाओं का नए सिरे से निर्धारण करने के लिए प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग बनाया है। जिसमें सदस्य के रूप में रिटायर्ड अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव की नियुक्ति कर दी है। बताया जा रहा है कि वे ही इस आयोग के अध्यक्ष हो सकते हैं। बाकी की नियुक्तियां भी इसी महीने संभव है। आयोग के कामकाज करने का तरीका आधुनिक होगा, जिसके लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म की डिजाइनिंग का काम शुरू हो गया है, इस पर सारे काम होंगे, इनमें से ज्यादातर पेपरलेस होंगे। सीमाओं के निर्धारण के लिए ड्रोन की तरह सेटेलाइट इमेजरी का भी उपयोग किया जा सकता है। वहीं मोहन सरकार के मंत्रियों को भी सहयोग करना होगा। मुख्यमंत्री खुद यह बात कह चुके हैं। बताया जा रहा है कि आयोग उक्त् प्रस्ताव में अलग–अलग क्षेत्रों के लोगों के सुझाव को भी काफी तवज्जो देगा। जिसमें राजनीतिक दलों से भी सुझाव लिए जाएंगे। प्रदेश भाजपा के एक पदाधिकारी का कहना है कि पार्टी इस दिशा में काम करेगी, इस काम के लिए पार्टी स्तर पर समितियां का गठन भी देखने में आ सकता है, जो जनता को ज्यादा से ज्यादा फायदा देने और परेशानियों से निकालने वाले प्रस्ताव देने का काम करेंगे।




## संपादकीय

# एंटीबायोटिक से बचाव ही सुरक्षा

यदि स्वास्थ्य के तकाजों को लेकर भारत के संदर्भ में बात करें तो यहां हर व्यक्ति अपने आप में चिकित्सक है और वैध है।किसी भी बीमारी का जिक्र आते ही लोग दूसरों को दवाओं के नाम बताने लगते हैं। इसी का उदाहरण यह है कि लोगों में यह धारणा आम हो गई है कि कोई भी बीमारी रोग प्रतिरोधक दवाओं (एंटीबायोटिक) के बिना जल्दी ठीक नहीं हो सकती। लिहाजा खांसी-जुकाम और बुखार जैसी सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में भी रोग प्रतिरोधक दवाओं का इस्तेमाल बढ़ रहा है। नतीजा यह कि रोग प्रतिरोधक दवाएं निष्प्रभावी साबित हो रही हैं, यानि लौगों पर इसका असर नहीं हो रहा है। यह वैश्विक स्तर पर गंभीर समस्या बन गई है। पिछले दिनों 'द लांसेट' पत्रिका में प्रकाशित नए अध्ययन में दावा किया गया है कि वर्ष 1990 से 2021 के बीच रोग प्रतिरोधक दवाओं के निष्प्रभावी हो जाने से दुनिया भर में हर साल 10 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। अगले 25 वर्षों में 3.9 करोड़ से अधिक लोगों की जान जा सकती है। इस अध्ययन में कहा गया है कि रोग प्रतिरोधक दवाओं के निष्प्रभावी होने से भविष्य में भारत,पाकिस्तान बांग्लादेश सहित दक्षिण एशिया में सर्वाधिक असर दिखने का अनुमान है। स्पष्ट है कि दक्षिण एशियाई देशों में रोग प्रतिरोधक दवाओं का इस्तेमाल बढ़ रहा है। यह बात सही है कि गंभीर संक्रमण वाली बीमारियों के इलाज में रोग प्रतिरोधक दवाएं कारगर होती हैं, लेकिन जरूरत से ज्यादा और लंबे समय तक इन दवाओं का सेवन स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह होता है। दरअसल, रोग प्रतिरोधक दवाओं के प्रति प्रतिरोध तब उत्पन्न होता है, जब संक्रामक रोगाणु को मारने के लिए बनाई गई ये दवाएं निष्प्रभावी हो जाती हैं, क्योंकि रोगाणु इन दवाओं का प्रतिरोध करने की क्षमता विकसित कर लेते हैं। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में रोग प्रतिरोधक दवाओं के निष्प्रभाव से होने वाली मौत में 80 फीसद से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। वजह यह भी है कि बुजुर्ग ऐसी दवाओं का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। अनावश्यक रूप से ली जाने वाली ये दवाएं शरीर में फायदेमंद जीवाणुओं को भी नष्ट कर देती हैं, जिससे और भी कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती हैं। विशेषज्ञों की राय है कि रोग प्रतिरोधक दवा चिकित्सक के परामर्श से ही लेनी चाहिए। लेकिन चिकित्सकों के लिये भी यह जरूरी है कि वे मरीज को एंटीबायोटिक्स के प्रति सचेत करें और खुद अपने पर्चे में इस दवा को न लिखे। दरअसल कई चिकित्सक इस दवा को लिखते ओये हैं। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और नीति निर्माताओं को भी ऐसी दवाओं के इस्तेमाल व बिक्री को लेकर नियमों को और सख्त करें। हाल के कुछ वर्ष में कोरोना समेत अनेक रोग इस तीव्रता के साथ सामने आये हैं कि लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड गया। उस दौर में भी एंटीबायोटिक्स का धडल्ले से इस्तेमाल हुआ। निश्चित तौर पर इसका दुष्प्रभाव भी शरीर पर हुआ ही होगा और दवा लेने वाले में कमजोरी या अन्य समस्या भी उभरी होगी। इसीलिये अब बारी है सरकार व सरकारी चिकित्सा संस्थानों की, कि वे इस संबंध में लोगों को आगाह करें। इसके लिये स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली गैर सरकारी संस्थाओं को भी शामिल करें।

एक आवारा, एक सज्जन, एक कवि, एक सपने देखनेवाला, एक अकेला आदमी- ये हमेशा रोमांस और रोमांच की उम्मीद करते हैं।
–चार्ली चैपलिन

## आज का इतिहास

- 1977 सोवियत आइसब्रेकर एनएस अरक्तिका उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला सतह जहाज बन गया।
- 1978 पहली बार तीन अमेरिकियों ने सफलतापूर्वक बैलून के जरिये अटलांटिक महासागर को पार किया।
- 1980 दो महीने की ऑस्ट्रेलियाई अजारिया चेम्बरलेन को अपने परिवार के शिविर से उलारू के एक डिंगो द्वारा ले जाया गया, जिसके लिए उसकी माँ को हत्या का दोषी ठहराया जाएगा।
- 1982 जर्मनी में पहली कॉम्पैक्ट डिस्क का उत्पादन शुरू किया गया।
- 1982 जर्मनी में पहली सीडी लोगों के लिये उपलब्ध की गई।
- 1984 पेरू सहरावी अरब लोकतांत्रिक गणराज्य बना।
- 1988 पाकिस्तान के राष्ट्रपति जिया-उल-हक और अमेरिका के राजदूत अर्नोल्ड राफेल की एक हवाई दुर्घटना में मौत।
- 1990 5 दिनों तक चले आदिवासी विवादों के कारण 170 दक्षिण अफ्रीकी मारे गए। पुलिस ने जूलस को रोक दिया जो कुल्हाड़ियों और भाले दिखा रहे थे। जूलस के साथ लड़ रहे थे, जिसके नेता नेल्सन मंडेला थे।
- 1993 पहली बार, लोगों को लंदन के बकिंघम पैलेस में अंदर आने की अनुमति दी गयी
- 1998 अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने टेप की गई गवाही में स्वीकार किया कि व्हाइट हाउस के इंटर्न मोनिकावेल्वस्की के साथ अनुचित शारीरिक संबंध है।
- 1998 नेशन्स बैंक और बैंक ऑफ अमेरिका के विलय से अमेरिका के सबसे बड़े बैंक की स्थापना हुई।
- 1999 उत्तर पश्चिमी तुर्की में 7.5 मेगावॉट का भूकंप आया, जिसमें 17,000 से अधिक लोग मारे गए।

## निशाना

### पल पल है प्रहार !



- कृष्णेन्द्र राय

जोर शोर से सबका ।
चल रहा प्रचार ।।
जी जान लगा कर ।
पल पल है प्रहार ।।
हैं हम ही बस आपके ।
रहे इतना ध्यान ।।
बैठे यदि हम कुर्सी ।
फिर आपका सम्मान ।।
देकर हमको आशीर्वाद ।
राह नई बनाएं ।।
खो रहे हम धैर्य ।
और नहीं तड़पाएं ।।
आने से हमारे ही ।
हो सकता सुधार ।।
मिली अगर हमें सत्ता ।
फिर वो यादगार ।।

# सेवाओं की पेशेवराना दक्षता का क्षरण

■ गुरबचन जगत



कुछ हफ्ते पहले, सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता बलात्कार-हत्या मामले का संज्ञान लेते हुए इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी। यह बलात्कार और हत्या कांड इतना घिनौना था कि पूरे देश को झकझोर दिया। स्वतःस्फूर्त गुस्से और पीड़ा की भावना की अभिव्यक्ति -हिंसक और अहिंसक- दोनों किस्म के प्रदर्शनों के रूप में हुई, खास तौर पर डॉक्टरों के समुदाय में, जिन्होंने देश भर में हड़तालें की। सीबीआई से जिस त्वरित परिणाम की अपेक्षा थी, वह पूरी नहीं हुई। इस हस्तक्षेप के बाद भी, पूरे देश में बलात्कार और हत्या जैसी अन्य कई जघन्य वारदातें हुईं, लेकिन अदालतों या अन्य सामाजिक समूहों ने उन पर उतना ध्यान नहीं दिया। पहले के मामलों में भी, सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बावजूद ऐसे हिंसक बलात्कार और अन्य अपराध रुके नहीं और इस वाले से भी इनके रुकने की संभावना नहीं है। हालांकि, यह मामला सीबीआई को सौंपना पूरी तरह से उचित था, परंतु मेरे ज़ेहन में एक अलग विचार कौंध रहा है- क्योंकर सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों ने राज्य पुलिस बलों की व्यावसायिकता और ईमानदारी पर भरोसा खो दिया? नागरिकों का राज्य पुलिस और पुलिस थानों पर से यकीन क्यों उठ गया? यहां तक कि राज्य सरकारों और निचली अदालतों से भी? क्या यह सब रातों-रात हुआ या धीरे-धीरे इसलिए बढ़ता गया क्योंकि अब राजनेता सर्व-शक्तिमान होते जा रहे हैं और वे पुलिस बल एवं सरकार के अंदर और बाहर बैठे आपराधिक तत्वों की मदद से यह सारा खेल चला रहे हैं।

इतिहास पर नज़र डालें तो, उस वक्त भ्रष्टाचार के केवल अति महत्वपूर्ण मामले ही अदालतों या राज्य अथवा केंद्र सरकारों द्वारा सीबीआई को सौंपे जाते थे। सूबों के अधिकारी मामलों के ऐसे हस्तांतरण पर तौहीन महसूस करते थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि इससे उनकी कारगुजारी पर अंगुली उठती है। सीबीआई को अच्छे परिणाम भी मिले, क्योंकि एक तो इस पर काम का बहुत ज्यादा बोझ नहीं था, दूसरे इसकी शुरुआत केवल उच्च स्तर पर होने वाले भ्रष्टाचार की जांच करने वाली एक विशिष्ट एजेंसी के रूप में हुई थी। किंतु राजनीतिक भुजा के लगातार मजबूत होते जाने और इससे जुड़े नैतिक पतन, एवं ईमानदारी में कमी होते देख लोगों ने मामले सीबीआई को सौंपने की मांग के साथ सीधे अदालतों का रुख करना शुरू कर दिया। राज्य और केंद्र सरकारें भी अपने-अपने वांछित परिणाम पाने को इसी राह का सहारा लेने लगीं, क्योंकि जब राजनीतिक निकाय का समग्र पतन हुआ तो सीबीआई भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई। अधिकारियों को विशेष रूप से नियुक्त किया गया ताकि तंत्र को और अधिक लचीला बनाया जा सके। सीबीआई ने भी विस्तार किया और अधिकांश राज्यों में शाखाएं खोलीं। हालांकि, इसने केंद्र सरकार की इच्छाशक्ति को और हवा दी और एक नई तफ्तीश संस्था के रूप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) का जन्म हुआ, काम इसका भी जांच करना है लेकिन अधिक ध्यान उन आतंकी गतिविधियों पर केंद्रित है, जिनका प्रभाव-क्षेत्र अंतर्राज्यीय हो। यहां भी, केंद्र सरकार की मनमर्जी है कि कौन सा मामला इसे सौंपना है। गृह मंत्रालय (एमएचए) की ओर से लगातार बयान आते रहते हैं कि सभी राज्यों में एनआईए कार्यालय खोले जाएंगे।

हमारे पास पहले से ही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राष्ट्व्यापी जांच क्षेत्र के अधिकार से सशक्त बनाई गई ईडी है,इनके अलावा आईबी और रॉ भी हैं। हमारे पास अर्धसैनिक बल भी हैं,उनका कार्यक्षेत्र भी अखिल भारतीय है। कानून-व्यवस्था के मामले जिनसे निबटना राज्य पुलिस बलों के बूते के परे माना जाता है,उनके लिए अर्धसैनिक बल बने हैं। जरूरत पड़ने पर राज्य सरकारें इन बलों की मांग गृह मंत्रालय से कर सकती हैं या गृह मंत्रालय राज्य सरकार की नाममात्र मंजूरी के साथ उन्हें सीधे राज्य में भेज सकता है। सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी, आईटीबीपी आदि अनेक राज्यों में कई दशकों से लगातार तैनात हैं। कागज़ों पर वे राज्य पुलिस के अधीन काम करते हैं, लेकिन रोजमर्रा के कार्यों में स्वतंत्र हैं। तब फिर राज्य सरकार और इस तथ्य के बारे में क्या रह जाता है, जब कहा जाए कि संविधान के अनुसार कानून एवं व्यवस्था राज्य सरकारों का विषय है? पुलिस स्टेशन और जिले का एसपी पुलिस तंत्र के बुनियादी भाग होते हैं। लेकिन अतिरिक्त विभागीय हस्तक्षेपों ने दोनों को सत्तारूढ़ पार्टी का अनुचर बना डाला है। इस ह्रास की कीमत राज्य पुलिस की व्यावसायिकता ने चुकाई है, इस गिरावट का विशेष रूप से असर अग्रणी स्तर पर यानि पुलिस स्टेशन और जिला एसपी पर हुआ है। यह दो जगहें ऐसी हैं,जहां पुलिस एवं जनता के बीच सीधा राब्ता होता है, लेकिन इस सम्पर्क में बहुत कुछ करने की जरूरत है। यह वह राब्ता नहीं है जिसमें नागरिक इस विश्वास के साथ वहां जाए कि उसे न्याय मिलेगा, बल्कि वह एक ग्राहक या याचक के रूप में जाता है। एक सुसंचालित और सुघड़ नेतृत्व वाला पुलिस स्टेशन वह होता है जिसके पास सर्वश्रेष्ठ मुखबिर तंत्र हो और यह सूचना एवं बढ़िया अभियान नीति होती है, जो सफलता दिलवाती है। हमने जम्मू-कश्मीर, पंजाब और उत्तर-पूर्व में आतंक व मध्य भारत, ओडिशा एवं आंध्र प्रदेश में माओवादी आंदोलनों में भी यही देखा है कि अभियान चलाने में सूचना सबसे सटीक वही होती है, जो पुलिस थाने से आती है। यही कारण है कि सेना सहित तमाम अभियान समूहों में स्थानीय पुलिस थाना एक महत्वपूर्ण घटक होता है। अपराध सामान्य हो या जटिल या फिर विद्रोही गतिविधियां, तमाम अभियानों में सफलता तभी मिलती है जब पुलिस के काम की धुरी यानी थाना पूरे जी-जान से शामिल रहे। अगर यह सही है तो फिर इसे कमजोर क्यों किया जा रहा है? कारण यह है कि वक्त की हुकूमत चाहती है कि पुलिस बल देश के कानून की बजाय उनके प्रति एक रीढ़ विहिनऔर वफादार बल बना रहे। केंद्र सरकार ने नाना प्रकार की जांच एजेंसियों की स्थापना करके और कौन सा मामला किसे सौंपना है, इसमें अपनी मनमर्जी चलाकर राज्य की जांच एजेंसियों को कमजोर कर डाला है। वहीं राज्य सरकारों ने भी पुलिस विभाग के आंतरिक प्रशासन में सीधे हस्तक्षेप करके और शीर्ष पदों पर अवांछनीय तत्वों को नियुक्त करके बहुत नुकसान पहुंचाया है। पुलिस थानों पर लगभग पूरी तरह इन शक्तियों का कब्ज़ा हो गया है। ऐसा कहने का मतलब हर्गिज़ यह नहीं कि आज़ादी के समय की तुलना में कहीं ज़्यादा जनसंख्या वाले आधुनिक भारत की बढ़ती ज़रूरतों के मुताबिक बेहतर और ज़्यादा पेशेवर विशेष बलों की ज़रूरत नहीं है, मसलन साइबर अपराध। लेकिन मुख्य चीज़ है ऐसी पेशेवर एजेंसियों की स्थापना, जिनमें राजनीतिक दखलअंदाज़ी न्यूनतम हो और राज्य एवं केंद्र के बीच समन्वय उच्च मानकों के स्तर पर बना रहे। पुलिस सुधार हो या अपराध की जांच या कानून-व्यवस्था बनाए रखना,इनसे संबंधित तमाम मामलों में जो एक सबसे बड़ी अड़चन है, वह है राजनीतिक प्रतिष्ठान। जब तक इस समस्या के निदान और पुलिस के कामकाज के आंतरिक प्रशासन में हस्तक्षेप को समाप्त करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं बनती,तब तक स्थितियां और बदतर होती जाएंगी। यहां तक कि पुलिस सुधारों के बारे में उच्चतर न्यायपालिका के आदेश भी नौकरशाही की कागज़ी कलाबाज़ी में गुम हो गए हैं। हमारी शासन प्रणाली में सर्वोच्च शक्ति निर्वाचित राजनीतिक दल के पास है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उक्त शक्ति बेलगाम है, क्योंकि संविधान और देश के विभिन्न कानूनों में प्रशासन चलाने के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सत्तारूढ़ दल जनता द्वारा चुने जाते हैं और जनता शांति एवं न्यायपूर्ण प्रशासन चाहती है। क्या सुधारों और न्याय पाने के लिए लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ेगा? उम्मीद है कि निर्वाचित सरकारें सड़कों से मिल रहे संदेश को समझगी।

**साभार- लेखक पूर्व राज्यपाल व जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी रहे हैं**

# अपने पूर्वजों को जल देने का भारतीय विधान सिर्फ कर्मकांड नहीं, विज्ञान भी !

■ डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारतीय ऋषियों ने अपने किए गए तमाम शोधों में से एक अनुसंधान देह की समापति (मृत्यु) के बाद के दूसरे संसार पर भी किया है, जिसे हम आत्माओं का घर भी कहते हैं। जिस प्रकार मनुष्य अनेकानेक जीवाणुओं और विषाणुओं को अपनी खुली आंखों से देख नहीं सकता, किंतु उनका अस्तित्व है, उसी प्रकार से आत्माओं का जगत है, जहां से मृत्यु लोक में ये आत्माएं नाना प्रकार के शरीरों में बार-बार आती हैं। कुछ हमारे आस-पास भी रहती हैं। इनमें से कुछ ऐसी भी हैं जोकि लम्बे समय तक जन्म नहीं लेतीं, क्योंकि उनका पूर्व जन्म का बंधन जोकि मन से जुड़ा है वह जागृत रहता है, स्वभाविक है, वे आत्माएं अपने कुल-परिवार से इतनी अपेक्षा जरूर करेंगी कि वे उनके वर्तमान में भौतिक अस्तित्व का कारण हैं, इसलिए कम से कम कुछ दिन ही सही उनके प्रति श्रद्धा का संस्कार तो पूर्ण करेंगे ही। वास्वत में श्राद्ध की मूलभूत परिभाषा यह है कि प्रेत और पितर के निमित्त, उनकी आत्मा की तृप्ति के लिए श्रद्धापूर्वक जो अर्पित किया जाय वही श्राद्ध है। यह श्राद्ध ठीक आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से पितृपक्ष प्रारंभ होता है और 15 दिन शुक्ल प्रतिपदा तक चलता है। पितृपक्ष में पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जो यव (जौ) तथा चावल का पिण्ड देता है। इस संबंध में श्रीमद्भागवत में भगवान श्री कृष्ण का कथन है-जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च 7
तस्माद्परिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि 77 श्रीमद्भगवत गीता अध्याय 2, श्लोक 27
अर्थात् जन्म लेने वाले की मृत्यु और मृत्यु को प्राप्त होने वाले का जन्म निश्चित है। यह प्रकृति का नियम है। शरीर नष्ट होता है मगर आत्मा कभी भी नष्ट नहीं होती है। वह पुनः जन्म लेती है और बार-बार जन्म लेती है। इस पुनः जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धदि कर्म का विधान निर्मित किया गया है। हालांकि श्राद्ध कर्म, तर्पण विधि की वैज्ञानिकता और अवैज्ञानिकता के अपने तर्क हो सकते हैं, किंतु इसे कुछ इस तरह समझना होगा जैसा कि हमारे आस-पास अनेकों पाई जाने वाली ध्वनि तरंगे हैं। इन तरंगों को आप महसूस नहीं कर सकते, किंतु हर तरंग आपकी ली गई सांसों से शरीर के अंदर और बाहर स्वतः हो रही हैं। इस संपूर्ण प्रक्रिया में जैसे ही एक निश्चित तरंग को उसकी संचारक गति पर स्थिर किया जाता है, सामने से आवाजें सुनाई देने लगती हैं। बोलते चित्र भी प्रकट हो जाते हैं। भारतीय ऋषि परंपरा है पूरी तरह वैज्ञानिक; वस्तुतः जो भी लोग श्राद्ध पक्ष को लेकर अविश्वास व्यक्त करते हैं, उन्हें यहां समझ लेना होगा कि अपनी ऋषि परंपरा पर अविश्वास



करने का कोई कारण नहीं। अब तक हिन्दू जीवन की जीतनी भी परंपराएं पाई गई हैं, उसके पीछे कोई न कोई वैज्ञानिकता सामने आती रही है। हिन्दू शास्त्रकारों ने इस विषय की ऐसी बारीकी से खोज की है कि मनुष्यों को अपने सब प्रकार के भले बुरे कर्मों के परिणामों का भली प्रकार ज्ञान हो जाता है और वे परलोक के स्वरूप को बहुत अच्छी तरह समझ सकते हैं। उदाहरण के तौर पर मृत्यु के बाद दाह संस्कार ही क्यों किया जाता है? तब इसका उत्तर होगा कि कोई भी मनुष्य हो, वह प्रकृति से जीवन भर लेता है, यदि कोई इंसान अत्यधिक कंजूस है, सिर्फ लेने पर ही भरोसा रखता है, उससे भी जीवन के अंत के बाद पांच तत्वों में भौतिक शरीर के विलीन हो जाने पर शेष अस्थियों में बचे अग्नि के ताप से पवित्र कैल्शियम और फास्फोरस को बहते हुए नदी जल में विसर्जित कर जीव-जगत की सेवा करने का विधान है। गंगा, यमुना, गोदावरी, काबेरी या अन्य नदी के एक घाट पर अस्थि विसर्जन चल रहा होता है तो दूसरे घाट से नदी के पवित्र जल को अनेक मनुष्य एवं नाना प्रकार के जीव-जन्तु पीकर अपनी प्यास बुझा रहे होते हैं। स्वभाविक है कि विसर्जित अस्थियों का जल उन तमाम शरोरों में जाता है जोकि नदी के जल का सेवन करते हैं या वह जल कृषि कार्य में उपयोग लिया जा रहा है। इस पूरे चक्र में आप देखेंगे कि विसर्जित अस्थियों का कैल्शियम जल के पीने के साथ अनेक जीवों के शरीर में जाकर उनके जीवन को पुष्टता प्रदान करता है और शरीर में प्राकृतिक रूप से कैल्शियम की कमी को दूर करने का कारण बनता है । इसी प्रकार के अनेकों उदाहरण वनस्पतियों, औषधी, धातु, सौरमण्डल, खगौल विज्ञान, वास्तु विज्ञान समेत हर क्षेत्र में आज प्रमाणित हो चुके हैं, जिन्हें कल तक सिर्फ धारणा कहकर या हिन्दू माइथोलॉजी (मिथ) कहकर आविश्वास प्रकट करते हुए उनके होने पर ही प्रश्न खड़ा किया जाता था, उन्हें सही होने के बाद भी नकार दिया जाता था, किंतु आज वे शतप्रतिशत सही सिद्ध हो चुके हैं। कहना होगा कि मृत्यु के बाद जीवन का विषय भी कुछ इसी प्रकार का है । भारतीय संदर्भ में मृत्यु के बाद नए जीवन लेने के कई उदाहरण वर्तमान में हमारे सामने हैं, जो कि अन्य मत, पंथ, रिलीजन की धारणाओं के उलट हैं, जैसे कि बेंगलुरु की नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के रूप में कार्यरत डॉ. सतवंत पसरिया द्वारा इस विषय पर लम्बे समय तक किए गए शोध के आधार पर पुनर्जन्म पर प्रकाशित श्क्लेम्स ऑफ रिइंकार्नेशनरू एम्पिरिकल स्टी ऑफ कैसेज इन इंडियास पुस्तक लिखी गई। इसमें उन्होंने 1973 के बाद से भारत में हुई 500 पुनर्जन्म की घटनाओं का उल्लेख किया है। यह पुस्तक तथ्यों के साथ यह प्रमाणित कर देती है कि मृत्यु के बाद पुनर्जन्म है और पुनर्जन्म होने के पहले पितर, प्रैत योनी भी है, जहां कई बार पुनः जन्म लेनेवाली आत्मा को कई वर्षों तक रुकना पड़ा था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक बिकने वाली किताबों में शामिल मैनी लीव्स मैनी मास्टर्स है, जिसके लेखक डॉ. ब्रायन वीस एक मरीज की सच्ची कहानी के बारे में लिखते हैं। ब्रायन वीस अपने मरीज से सवाल पूछते हैं। उक्त महिला मरीज जब इन सवालों के जवाब देती है तो वीस हैरान रह जाते हैं। क्योंकि इन समस्याओं के तार पिछले जन्म से भी जुड़े रहते हैं। इसके साथ ही इन 16 दिनों की पूजा का आर्थिक पक्ष भी है, समाज में सुदूर ग्राम्य एवं वन्य जीवन में नदियों के किनारे पाई जानेवाली विशेष कुशा (घास) से बननेवाले आसन एवं श्राद्ध के दौरान अनामिका उंगली में पहनी जाने वाली कुशा की अंगूठी जिसे पवित्री कहा जाता है उसका अपना महत्व है । अनामिका उंगली में कुशा की अंगूठी पहनना शुभ माना गया है। इसके अलावा पूजा की कई सामग्रियां ग्राम्य एवं वनांचल में तैयार की जाती हैं। इन 16 दिनों में जब भारत के कौने-कौने में सनातन हिन्दू समाज अपने पूर्वजों के लिए इस कुशा एवं अन्य पूजा सामग्री का उपयोग करता है तो देश के बहुत अंदर या वनांचल क्षेत्र में पाई जानेवाली समस्त कुशा से बननेवाले आसन एवं अन्य सामग्रियों का उपयोग (खपत) इतनी अधिक होती है कि कई बार इनकी बाजार में कमी तक हो जाती है। कहने का तात्पर्य है कि धन का विकेंद्रीकरण, यहां श्राद्ध पक्ष में आप सुदूर बैठे लोगों तक सहजता से होता हुआ पाते हैं, ताकि उनकी जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति वर्ष भर इसी काम से हो जाए। तब यह श्राद्ध कर्म अपने पितरों को श्रद्धा अर्पित करने तक सीमित नहीं रह जाता है, यह अनेकों के जीवन में उजास लाने का कारण बनता हुआ भी दिखाई देता है। अतः कहना होगा कि जिस अनुसंधान की उच्चावस्था तक भारतीय मनीषा पहुंची है, उस तक अभी आधुनिक-पश्चिमी विज्ञान को पहुंचने में बहुत समय लगेगा। अब तक समय के साथ भारत के ऋषियों की बातें, उनकी समस्त खोजें सच साबित होती रही हैं। इस आधार पर आप यह उम्मीद कर सकते हैं कि श्राद्ध पक्ष और पितृ पक्ष से जुड़ा यह वैज्ञानिक पक्ष भी एक दिन आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर संधारित हो जाएगा, इसलिए आप अपनी जड़ों से जुड़े रहें, अपने पूर्वजों को इन 16 दिनों तक सतत याद कर उनके प्रति अपने होने के कारण के निमित्त श्रद्धा अर्पित करते रहें। अपने पूर्वजों को जल देने का भारतीय विधान सिर्फ कर्मकांड नहीं, विज्ञान ही है।

**- साभार**

### वन स्टाप सेंटर व महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता कार्यक्रम

# महिलाओं पर होने वाले उत्पीड़न एवं अत्याचार पर बचाव की दी जानकारी




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय नर्मदा कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ एवं महिला बाल विकास विभाग नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण एवं महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु डॉ सविता गुप्ता के समन्वयन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के वन स्टाप सेंटर की प्रशासक श्रीमती प्रतिभा वाजपेयी ने महिलाओं पर होने वाले अत्याचार एवं उत्पीड़न से बचने एवं आश्रय पाने हेतु वन स्टाप केंद्र की जानकारी देते हुए बताया कि वन स्टॉप सेंटर के अंतर्गत सभी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर अस्थायी आश्रय, पुलिस-डेस्क, विधि सहायता, चिकित्सा एवं काउन्सलिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। उन्हें ब्यूटी पार्लर एवं सिलाई की ट्रेनिंग भी निशुल्क दी जाती है। और स्वरोजगार के अन्तर्गत उन्हें लोन भी नगरपालिका के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। पीड़िता स्वयं या सीएम हेल्पलाइन या वकील के माध्यम से आवेदन कर सहायता प्राप्त कर सकती है। महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रुचि सक्सेना ने बताया कि शरीर में खून की कमी लाल रक्त कणिकाओं के कम होने से हो जाती हैं। एनीमिया के लक्षणों को स्वयं पहचान कर महिलाएं उसको रोकने के कई उपाय जैसे पौष्टिक आहार, विटामिन्स प्रोटीन एवं नियमित व्यायाम करके अपने घर पर ही ठीक कर सकती हैं ।

प्राचार्य डॉ अमिता जोशी ने कहा कि ईश्वर और स्त्री दोनों ही सृष्टि की रचना करते हैं इसलिए महिलाओं को स्वयं को कमतर नहीं समझना चाहिए ।छोटा सा घाव भी कैंसर का रूप धारण कर लेता है इसलिए सहो मत कहो पर विश्वास करते हुए अपने ऊपर किसी भी प्रकार के अत्याचार को सहन ना करते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। स्वयं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ भी रखना आवश्यक है डॉ सविता गुप्ता ने भी महिलाओं को प्रतिदिन अपडेट रहने और सोच को सकारात्मक बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में महिला आंतरिक प्रकोष्ठ की सचिव डॉ प्रीति उदयपुरे ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ दिनेश श्रीवास्तव ने किया। बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में डॉ नीलू दुबे ,श्रीमती नित्या पटेरिया, डॉ शोभा बिसेन , डॉ रूपा भावसार, डॉ मनीषा ठाकुर की उपस्थित रही।

# युवा कांग्रेस द्वारा शिवपुर थाने में भाजपा नेताओं पर एफआईआर दर्ज करने ज्ञापन सौंपा



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

युवा कांग्रेस महासचिव विधानसभा सिवनी मालवा दुर्गेश बैरागी, कांग्रेस सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष डॉ उमेश यादव ( बांटी यादव ) कांग्रेस नेता सुमित यादव द्वारा शिवपुर थाने में पहुंचकर केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री रघुराज सिंह के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई । युवा कांग्रेस महासचिव दुर्गेश बैरागी ने बताया कि

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के विरूद्ध दिनांक 15 सितम्बर, को केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने सार्वजनिक रूप से कहा कि राहुल गांधी देश के नंबर वन आतंकी है उनके विरूद्ध ईनाम घोषित होना चाहिए बिट्टू ने यह भी कहा कि वे हिन्दुस्तानी नहीं है उन्हें देश से प्रेम नहीं है तथा देश तोड़ने, बम व बारूद, गोले बनाने जैसे ट्रेनों व बसों को दुर्घटनाग्रस्त करने में उनका हाथ है, राहुल गांधी पर आतंकी होने का ईनाम घोषित होना चाहिए जबकि पूरा देश जानता है कि राहुल गांधी के पिता स्व. राजीव गांधी ने देश के लिए बलिदान दिया है उनकी दादी स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश के लिए शहादत दी है तथा राहुल गांधी की रगो में उनका ही रक्त बह रहा है तथा वह सच्चे देश भक्त है। उनके प्रति अपशब्दों का सार्वजनिक रूप से प्रयोग उनका अपमान किया गया है।

इसी प्रकार दिनांक 16 सितम्बर 2024 को इंदौर में उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री रघुराज सिंह ने सार्वजनिक रूप स राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष के प्रति अपशब्दों का प्रयोग कर उनका सार्वजनिक रूप से अपमान किया गया है उनके प्रति अनर्गल बयानबाजी कर देश में अशांति फैलाने का प्रयास किया गया है।

दोंनो भाजपा नेताओं के अनर्गल बयानबाजी तथा राहुल गांधी का अपमान करने तथा उन्हें आतंकी कहने से हम सभी कांग्रेस जन आहत हुए है इसलिए केन्द्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री रघुराज सिंह के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाए तथा उनके विरूद्ध न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराकर कठोर से कठोर दंड दिलाया जाएं, जिससे कि देश को बाटकर देश में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाली ताकतों को सबक मिल सके जो कि न्यायोचित होगा।

# सांसद ने कहा- बस एजेंटों की मनमानी पर अंकुश लगाया जाए

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

**सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि जिला परिवहन विभाग कुछ नया अभिनव नवाचार करें, कुछ अभिनव पहल करें जिससे देश में एक अच्छा मैसेज जाए। सांसद ने कहा कि टू व्हीलर वालों को अनावश्यक रूप से परेशान ना किया जाए, उन्होंने कहा कि वर्तमान में टू व्हीलर चालक अपना ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा के कागज, हेलमेट सभी कुछ दिखाते हैं उसके बावजूद भी अनावश्यक रूप से उन्हें परेशान होना पड़ता है। यह स्थिति निर्मित ना हो। उन्होंने कहा कि इससे जिले की छबि खराब होती है। सांसद श्री सिंह ने कहा कि फोर व्हीलर वालों भी नियमों का उल्लंघन करते हैं। सीट बेल्ट नहीं बांधते हैं उन पर भी नियमानुसार कार्यवाही की जाए। यह दोहरी प्रवृत्ति को रोका जाए। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग सबसे पहले टू व्हीलर चालकों के मन से डर की भावना निकाल दें। हम सब जनता के सेवक हैं, हमारे देश में प्रजातंत्र है। कुछ ऐसा प्रयास किया जाए कि चेकिंग के दौरान आम आदमी के मन में अनावश्यक डर पैदा ना हो। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि वर्तमान में जिले में पार्किंग की समस्या है, अतः पार्किंग के लिए अन्य जगहों पर स्थल का चयन किया जाए। बसो के रुकने के स्टापेज की जानकारी से लोगों को अवगत कराया जाए। सांसद ने कहा कि दो बसों के छूटने के अंतराल पर कम से कम 5 मिनट का समय निर्धारित हो। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि वर्तमान में बस एजेंटो के मध्य आपसी मनमुटाव के चलते यात्रियों को अनावश्यक परेशान होना पड़ता है। अतः बस एजेंटो की रंगदारी और मनमानी पर अंकुश लगाया जाए। उन्होंने कहां की जितनी भी निर्माण एजेंसियां हैं वे ब्लैक स्पॉट से लेकर स्पीड ब्रेकर तक को प्राथमिकता से देख कर सुधार कार्य करें।**

### दो पहिया वाहनों को अनावश्यक परेशान ना किया जाए

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न



इसके पूर्व कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि कुछ बिंदुओं के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बैठक में पार्किंग की समस्या के संबंध में कहां की पार्किंग के लिए नगर निगम अधिकारी को निर्देश दिए कि वह एक कंसल्टेंट की नियुक्ति करें, जो पार्किंग एवं यातायात की एक ठोस योजना बनाकर देंगे। और इस योजना के अनुसार जिले में पार्किंग एवं ट्रैफिक प्लान तैयार किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि पार्किंग की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए अंडरग्राउंड पार्किंग एवं मल्टी स्टोर पार्किंग की संभावना को भी तलाशा जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि एग्जैक्टिंग पर भी विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। शहर में पार्किंग की जगह सीमित है, अतः सीमित जगह पर ही बेहतर पार्किंग व्यवस्था कैसे संपादित किया जाए इस पर कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि दुकानदार बेतरतीब ढंग से सड़कों को घेरे रहते हैं उन्हें समझाईश दी जाए। मल्टी स्टोरी एवं अंडरग्राउंड पार्किंग पर भी विचार किया जाए और इसके प्रति लोगों के व्यवहार में परिवर्तन लाया जाए। कलेक्टर ने कहा कि इसके लिए सभी को जागरूक करना अति आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि एक प्लान तैयार करके जनता को हम बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा सकते हैं। विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव ने कहा कि बड़े त्योहार पर लोग बाहर से आते हैं तब गाड़ी पार्किंग की विशेष रूप से समस्या होती है। इसका स्थाई समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि नगर पालिका ने यातायात विभाग को एक नया वाहन दिया है फिर भी यातायात व्यवस्था शहर में दुरुस्त नहीं है।

सांसद दर्शन सिंह चौधरी कहां की निराश्रित मवेशियों के कारण पार्किंग एवं ट्रैफिक व्यवस्था भी प्रभावित होती है। अतः निराश्रित मवेशियों का यथा समय पुनर्वास किया जाए। इसके लिए जिले में कुछ ऐसा प्रयोग किया जाए जिससे देश में एक मैसेज जाए।

कलेक्टर ने बताया कि जिले में लगभग 5 लाख गोवंश है और गौशालाओं में मात्र 4 हजार मवेशी रखने की क्षमता है। 11 स्थान पर अस्थाई गौशालाएं बनाई गई है। सोहागपुर, माखन नगर, डोलरिया, आंचल खेड़ा में अस्थाई गौशाला में कम संसाधन में बेहतर व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि सभी एसडीएम रात्रि में नेशनल हाईवे पर निगरानी रखकर पशुओं की आवाजाही को रोक रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि पशु मालिकों को समझाइश दी जा रही है। समझाइश के बाद भी यदि वे पशुओं को सड़कों पर छोड़ना बंद नहीं करेंगे तो नियम अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मध्यप्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने कहा कि इटारसी में करोड़ों रुपए खर्च करके नया बस स्टैंड बनाया गया है लेकिन बसों के ना रुकने से वह अनुपयोगी सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग बसो के रुकने के निर्देश जारी करें। उन्होंने कहा कि जिन वाहनों पर वाहन नंबर की बजाय एक-47, राम, बॉस आदि लिखा रहता है , ऐसे वाहनों पर चालानी कार्रवाई की जाए। श्री शर्मा ने कहा कि परिवहन विभाग अभी सिर्फ नर्मदा पुरम में ही वाहन चालकों पर कार्रवाई कर रहा है। ऐसे ही कार्रवाई अन्य तहसीलों में भी की जाए।

पुलिस अधीक्षक गुर करण सिंह ने बताया कि नर्मदापुरम जिले में सबसे कम चालान की कार्रवाई की जा रही है, उसके बावजूद सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं भी जिले में हो रही है। उन्होंने बताया कि निराश्रित पशुओं के पुनर्वास का अभियान चलाया जा रहा है।

इसके पूर्व जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान ने बताया कि नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है। महाविद्यालय में शिविर लगाकर छात्र-छात्राओं के ड्राइविंग लाइसेंस प्रति सप्ताह बनाए जा रहे हैं । बिना परमिट और ओवरलोडिंग करने वाले ऑटो चालकों एवं अन्य वाहन चालकों के विरुद्ध नियम अनुसार निरंतर सख्त करवाई की जा रही हैं। अब तक 56 वाहनों से 11 लाख 5 हजार का चालान वसूला गया है। बिना सीट बेल्ट वाले एवं बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई एवं जागरूकता के निर्देश भी दिए गए हैं और समय-समय पर ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जा रही है। बैठक में अन्य सदस्यों ने कहा कि वर्तमान में शहर के व्यस्ततम मार्गो पर किसी भी स्थान पर यात्री बसों को रोक कर सवारी बैठाने एवं उतरने वाली बसो पर कार्रवाई की जाए। सभी बसें निर्धारित स्टॉपेज पर ही रुके । स्कूली बसों की भी नियमित रूप से जांच चलती रहे। सड़कों पर पेचवर्क के कार्य, ब्लैक स्पॉट सुधारने एवं स्पीड ब्रेकर बनाने के कार्य समय समय पर किए जाते रहे।

**मेट्रो एंकर**

### विदेश में लोग स्वयं पर निर्भर होते हैं

# नर्मदा कॉलेज में 'स्वच्छता पखवाड़े' पर व्याख्यान माला का आयोजन किया




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

नर्मदा कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़े के उपलक्ष्य में साफ सफाई पर भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ कक्ष में व्याख्यान आयोजित किये गये। प्राचार्य डॉ अमिता जोशी ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि विदेश में लोग स्वयं पर निर्भर होते हैं, जागरूक होने के साथ किसी कार्य को छोटा भी नहीं समझते।हम सभी अपनी जिम्मेदारियां को समझें ।हमारे स्वभाव में स्वच्छता होनी चाहिए और यह हमें संस्कारों के माध्यम से प्राप्त होती है। प्राचार्य द्वारा अवचेतन मन को स्वच्छता की ओर जागरूक करने का संदेश दिया गया। मुख्य वक्ता डॉ के जी मिश्र ने अपने वक्तव्य में स्वच्छता के दो प्रकार बताए, प्रथम आत्मानुशासन ,द्वितीय बाह्य अनुशासन । कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रा पाखी द्वारा स्लाइड के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया ।

डॉ कमल वाधवा ने कचरे के स्वभाव के बारे में बताया उन्होंने डिजिटल मेथड की विवेचना की और कचरे की हर स्तर पर सफाई के लिए सभी को जागरूक किया। मन को नियंत्रित कर हम सफल हो सकते हैं भारतीय ज्ञान परंपरा में ऐसी बहुत सी विधियां हैं जो रोज योग एवं मन को हील करना सिखाती है ।संयोजक डॉ हंसा व्यास द्वारा स्वच्छता का संकल्प लेने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया ।विश्व को बदलना चाहते हैं तो पहले स्वयं को बदलो ऐसा संदेश दिया । कार्यक्रम में डॉ आलोक मित्रा,डॉ राजीव शर्मा ,डॉ मीनाक्षी ठाकुर, श्रीमती नित्या पटेरिया , जय सिंह ठाकुर एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# मानव श्रंखला बनाकर इटारसी सरोवर परिसर में किया श्रमदान

### स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत टैगोर स्कूल के बच्चे हुए शामिल, रेनबो स्कूल के बच्चों ने निकाली रैली




**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत आज इटारसी सरोवर में नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के नेतृत्व में श्रमदान किया गया। यहां मानव श्रंखला बनाकर टैगोर स्कूल के बच्चों के साथ श्रमदान कर स्वच्छता रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नगरपालिका सीएमओ रितु मेहरा, सभापति राकेश जाधव, पार्षद श्रीमती मनीषा अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि आशुतोष अग्रवाल, उपयंत्री मयंक अरोरा सहित अन्य मौजूद थे।

इसके एक दिन पूर्व रेनबो स्कूल के बच्चों ने नगरपालिका के साथ स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्कूल से सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा तक रैली निकाली गई।

नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने बताया कि टैगोर स्कूल और रेनबो स्कूल के बच्चों के साथ दो दिन से स्वच्छता के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बच्चों से संवाद भी कर रहे हैं और बच्चों ने हमें भरोसा दिलाया कि वे अपने घर, मोहल्ले में नागरिकों को स्वच्छता के लिए जागरुक करेंगे।

# पत्रकार के हत्यारे को गिरफ्तार करने ज्ञापन सौंपा



**सिरोंज।, दोपहर मेट्रो।**

सिरोंज पत्रकार महासंघ ने आज राजयपाल के नाम एक ज्ञापन अनु. विभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी हर्षल चौधरी को सोपा जिसमें बीते दिनो राजगढ जिले के सारंगपुर में अज्ञात आरोपियो के द्वारा पत्रकार साथी की हत्या किये जाने पर आरोपियों की गिरफ्तारी व पीड़ित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता और पत्रकारो को सुरक्षा देने के संबंध में मांग की गई है।

ज्ञात रहे की कि गत 17 सितम्बर को राजगढ जिले के सारंगपुर में एक पत्रकार सलमान अली की अज्ञात आरोपियों ने गोली मार कर हत्या कर दी है।घटना के 2 दिन बााद भी आरोपी पुलिस की पकड से दूर है। इस घटना के बाद सिरोंज पत्रकार महासंघ पत्रकार काफी आक्रोषित है, और आरोपियो की जल्द गिरफ़्तारी की मांग करते है।साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा की भी मांग की है। पत्रकार साथी के साथ इस घटना के बाद पत्रकारो मे भय का माहौल बना हुआ है। पत्रकारो का ध्येय सदा ही समाज सेवा का रहा है और जनता से जुडे मुद्दो से शासन प्रशासन को अवगत कराना है।ऐसे मे यदि पत्रकारो पर कोई असामाजिक तत्व हमला करते है तो उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी शासन प्रशासन की बनती है । जापान में मांग की गई है कि पत्रकार सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम उठाये जाये। पत्रकार सलमान अली के हत्यारो की जल्द से जल्द गिरफ़्तारी हो और उन आरोपियो को सख्त सजा दी जाये, व पीडित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा शासन से दिलवाने की अपेक्षा है । सिरोंज पत्रकार महासंघ ने ज्ञापन के माध्यम से शासन से अनुरोध किया है कि जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी हो और और पीड़ित परिवार को मुआवजा मिले साथ ही लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ कहे जाने वाले पत्रकारो की सुरक्षा के कानून बन सके। इस सबसे अच्छा पत्रकार वहां संघ के संरक्षक लक्ष्मण सिंह कटियार ने कहा कि सरकारें आती है जाती है परंतु किसी भी सरकार ने ऐसी कोई ठोस कदम नहीं उठाए जिससे पत्रकारों को सुरक्षा प्राप्त हो सके उन्होंने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है।पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष रोहिताश्व शर्मा ने कहा है कि हम सलमान अली की हत्या से व्यक्तिगत रूप से परिवेदित है और शासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए व पीड़ित परिवार को मुआवजा प्रदान किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में पत्रकार महासंघ के रोहिताश्व शर्मा, लक्ष्मण कटियार , रेवाराम कुशवाह ,रूपेश यादव, सईद खान , नीरज शर्मा , कृष्ण चंद्र पटेल,संतोष जैन, संजय रघुवंशी, पूरण साहू,ऋषि शर्मा, आदेश बड़सरे,रिंकू सुमन, रवि विश्वकर्मा, प्रदीप प्रजापति,युवराज प्रजापति , राहुल मंगल, नरेंद्र रघुवंशी,शोभित शर्मा उपस्थित रहे।

# पुलिस नहीं लगा पा रही बाइक चोरियों पर अंकुश, आए दिन गायब हो रहीं है मोटरसाइकिल




**सिरोंज।, दोपहर मेट्रो।**

नगर सिरोंज में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं। दो पहिया मोटरसाइकिल कभी बैंक के सामने से तो कभी तहसील परिसर में से तो कभी दीनदयाल पार्क के सामने से मोटरसाइकिल चोरी की घटना सामने आ रही है लगातार चोरी हो रही मोटरसाइकिलों पर सिरोंज पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही है जिससे पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं । वही श्रीराम फाइनेंस कंपनी में कार्यरत गंजबासौदा निवासी ध्रुव दुबे पिता प्रमोद कुमार दुबे उम्र 24 साल बरेठ रोड ने एक आवेदन थाना प्रभारी के नाम दिया है। आवेदन में लेख किया है कि केनरा बैंक के ऊपर मंडी के सामने बस स्टैंड के पास श्रीराम फाइनेंस कंपनी मैं जॉब करता हूं दिनांक 17 /9 /2024 को रोज की तरह मैं अपने पिताजी प्रमोद कुमार दुबे की मोटरसाइकिल होंडा लिवो रजिस्ट्रेशन क्रमांक नंबर एमपी 40 एम कियू 3573 से अपने ऑफिस सिरोंज आया था दोपहर करीब 2 बजे मैंने केनरा बैंक के सामने मोटरसाइकिल को खड़ी थी और ऑफिस में चला गया था। ऑफिस से बाहर शाम करीब 4 बजे वापस आया तो देखा की मोटरसाइकिल जहां मैं खड़ी की थी वहां खड़ी नहीं थी मैंने आसपास तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली कोई अज्ञात चोर मेरी मोटरसाइकिल चोरी करके ले गया । आवेदन में मांग की है कि उचित कार्यवाही की मांग की है । वही गौरतलब हो कि केनरा बैंक बड़ौदा बैंक के मंडी गेट के आसपास भी इससे पूर्व कई मोटरसाइकिल चोरियां हो चुकी है कुछ ही मोटरसाइकिलों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की है लेकिन लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरियों पर सिरोंज पुलिस पकड़ने में अभी तक सफलता प्राप्त नहीं कर सकी है ।

### ऑनलाइन होने के बाद भी किसी अधिकारी को क्यों दिखाई नहीं दे रहा ग्राम पंचायत द्वारा किया गया भुगतान

# ग्राम पंचायतों में नियम विरुद्ध वाउचर के माध्यम से हो रहा लाखों का भुगतान!

**सिरोंज।, दोपहर मेट्रो।**

**जिला सहित जनपद पंचायत में प्रशानिक लापरवाह कार्यप्रणाली के चलते सरपंच सचिव के द्वारा ग्राम पंचायतों में नये नये तरीके से किये जा रहे भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं,उन्हीं में से एक एक मामला यह भी है। जिस को लेकर अधिकारी बिल्कुल भी गंभीर नजर नहीं आते जिस का फायदा भ्रष्ट और भ्रष्टाचार में लिप्त सरपंच सचिव उठा रहे हैं, ग्राम पंचायतों में बाउचर के माध्यम से राशि का भुगतान किया जाता है। उक्त भुगतान बाउचर 10 हजार से कम की राशि का भराता है,और यदि 10 हजार से अधिक राशि का भुगतान बाउचर भर कर किसी को भुगतान किया जाता है तो वह वैध नहीं है।इस के अलावा भुगतान वाउचर पर कैश बुक नं प्राप्त करता के हस्ताक्षर भुगतान कर ने की दिनांक रशीदी टिकट लगाना होता है।**

लेकिन ग्राम पंचायत वाउचर के माध्यम से भुगतान करते समय नियमों का पालन नहीं करते बल्कि मनमर्जी से नियम विरुद्ध भुगतान करते हैं।गौशाला का संचालन ग्राम पंचायत करे या गौशाला समिति संचालन करें,व्यक्तिगत खाते में भुगतान नहीं किया जाता बाकायदा किसी को भी भुगतान करने से पूर्व ठहराव प्रस्ताव पारित किया जाता है। कैश बुक लिखी जाती है उस के बाद ही भुगतान किया जाता है।लेकिन अधिकतर ग्राम पंचायत ऐसा करना उचित नहीं समझती और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की जगह मनमानी करती हैं,उन्हीं ग्राम पंचायतों में से एक है ग्राम पंचायत बाढेर जहां पर नियम और कानून को ताक में रखकर हजारों लाखों रुपये का भुगतान वाउचरों के माध्यम से किया है। जिसे कोई देख ने बाला नहीं है नियम अनुसार पोर्टल पर जिस तरह से भुगतान वाउचर को अपलोड किया जाता है। ठीक उसी तरह ठहराव प्रस्ताव भी अपलोड किया जाता है,लेकिन ऐसा ग्राम पंचायत इस डर से इस लिये नहीं करती ग्राम पंचायत में किया जा रहा फर्जीवाड़ा सार्वजनिक हो जायेगा।




ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान हेतु जो वाउचर आन-लाइन अपलोड किया जाता है,वह बिना किसी रुकावट के पास हो जाता है, जिसका फायदा भ्रष्टाचार में लिप्त सरपंच सचिव खूब उठा रहे हैं और भ्रष्टाचार भी खूब फल-फूल रहा है।

जिम्मेदार अधिकारी जिम्मेदारियां निभाने से बच रहे हैं ग्राम पंचायतों में सरपंच सचिव भ्रष्टाचार के इतिहास लिख रहे हैं, भ्रष्टों को सम्मान देकर सम्मानित किया जा रहा है इस से अधिक दुर्भाग्यपूर्ण और क्या हो सकता है। समाचार पत्रों में ग्राम पंचायतों में फैले हुऐ भ्रष्टाचार की लगातार खबरें प्रकाशित की जा रही है,अधिकारी कर्मचारीयों राजनैतिक दबाव प्रभाव के चलते कार्यवाही करने से बच रहे हैं। एक बात और भी निकल कर सामने आई है ग्राम पंचायतों की वह ये कि लगभग हर एक ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक को नियुक्त किया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार अधिकांश ग्राम पंचायतों में रोजगार सहायक के आई डी पासवर्ड सरपंचों ने अपने सचिवों को जनपद पंचायत से दिला रखे हैं। ताकि हर बात की जानकारी रोजगार सहायक को पता नहीं चले और अंदर ही अंदर सरपंच सचिव खेल करते रहें।

बरखेड़ा माखू के सरपंच सचिव के विरुद्ध आज तक कार्यवाही करने से अधिकारी बच रहे हैं,और ग्राम पंचायत बाढेर का जांच आदेश कागजी खानापूर्ति साबित हुआ है।

# वार्ड 19 में स्वच्छता अभियान के तहत वार्डवासियों को नपा ने किया जागरूक



**सिरोंज।** नगर पालिका परिषद के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान प्रारंभ किया गया इसके तहत नगर को साफ स्वच्छ बनाने के साथ नगर वासियों को जागरूक करने का काम भी किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को वार्ड 19 में शहरी आजीविका मिशन की स्वयं सहायता समूह की महिलाओ के साथ मिलकर स्वच्छता का संदेश कार्यक्रम आयोजित किया गया जो कि स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना के द्वारा अभियान के तहत जागरूकता के लिए कौन-कौन सी गतिविधियां की जा रही है साफ सफाई से होने वाले फायदे के बारे बताते हुए सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है साथ ही घरों से निकलने वाले कचरे को नगर पालिका कचरा गाड़ी में डालने और नालियों तथा सड़कों पर कचरा ना फेंकने की अपील भी उन्होंने कहा कि सब लोग मिलकर ही नगर को साफ और सुंदर बना सकते हैं हम अपनी तरफ से पूरा प्रयास करेंगे। ज्योति दुबे द्वारा स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक कविता के माध्यम से सुंदर संदेश दिया गया एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान पार्षद श्रीमती वर्षा बलजीत यादव , रोहित सिंह तोमर, देवेश वशिष्ठ, महेश पंथी आदि मौजूद थे।

# नपा ने अस्थाई गौशाला में चुनिंदा मवेशियों को रखकर की खानापूर्ति



**सिरोंज।, दोपहर मेट्रो।**

एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका परिषद के द्वारा पुरानी डिपो में अस्थाई गौशाला का निर्माण किया गया इसमें 500 से अधिक गायों को भी रखने का कार्य हो सकता है पर ऐसा नहीं हो पा रहा है। अभी इस अस्थाई गौशाला में नगर पालिका के द्वारा मात्र 50-60 मवेशियों को रखकर औपचारिकता कर दी गई हैं। इस वजह से सड़कों पर से मवेशियों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है बड़ी मात्रा में मवेशी मंडी बाईपास, रोड लिंक रोड ,बस स्टैंड और तहसील रोड पर खड़े नजर आ रहे हैं। इनके कारण घटना दुर्घटना भी हो रही है मवेशी भी घायल हो रहे हैं वाहन चालक भी छोटे हो रहे हैं इसकी जानकारी होने के बाद भी इन मवेशियों को इस अस्थाई गौशाला में रखने के लिए अभियान चलाकर कार्य नहीं किया जा रहा है इस समय अस्थाई गौशाला में 50-60 मवेशी ही नजर आ रहे हैं बाकी मवेशियों को ले जाने का काम नहीं किया जा रहा है। जैसे ही अस्थाई रूप से गौशाला बनाई गई थी तो सभी लोगों को उम्मीद थी सड़कों पर से मवेशी पूरी तरह से हट जाएंगे पर ऐसा नहीं हो रहा है।

### इनका कहना है

*पुरानी डिपो में बड़ी मात्रा में मवेशियों को रखने की जगह है जितने भी मवेशी अभी सड़कों पर बैठे हुए हैं उन सबको इसमें रखवाने का कार्य करवाया जाएगा इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित भी करेंगे।* ***हर्षल चौधरी*** *एसडीएम*

**मेट्रो एंकर**

### स्वभाव, स्वच्छता, संस्कार अभियान के तहत चाठोली में हुआ कार्यक्रम आयोजित

# मंदिर में साफ सफाई कर किया पौधरोपण, संरक्षण का लिया संकल्प







**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

शहर के साथ गांवों को स्वच्छ और सुन्दर बनाने, आम जनमानस को शुद्ध वातावरण व शासन की योजना का नियम अनुसार लाभ दिलवाने या फिर गांव में वृक्षारोपण, संस्कार केंद्र, सफाई अभियान सहित अनेक विषयों पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था सर्व धर्म जन कल्याण सेवा समिति के द्वारा क्षेत्र की प्रस्फुटन समितियां के माध्यम से गांव-गांव में इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी के तहत बुधवार को मध्यप्रदेश सरकार के आह्वान पर क्षेत्र के ग्राम चाठोली, बमुलिया, बगरोदा आदि प्रस्फुटन गावों में बैठक कर विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए। जिसके तहत सर्वप्रथम ग्राम चाठोली में प्रस्फुटन समिति के साथ बैठक कर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया एवं स्वच्छ, संस्कार और सद्भाव स्थापित हो इस अभियान के तहत गांव के सार्वजनिक मंदिर पर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी ने कहा कि स्वच्छ, सद्भाव और संस्कार स्थापित करना ही मुख्य उद्देश्य है, और यही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर गावों में इस तरह का अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव में पहुंचकर हम लोगों को जागरूक करेंगे गांव के लोगों को भी इसमें सहभागी होकर बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर संस्था प्रभारी प्रमोद रघुवंशी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से आवाह्न कर लोगों को अपने आसपास साफ सफाई के साथ स्वच्छ वातावरण एवं मानसिक रूप से अपने आप को बदलने का संदेश दिया है। उनके आवाह्न पर आज गांव एवं शहरों में विशेष सफाई अभियान स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे कि लोगों में जागरूकता आए। वहीं उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़े के बाद 2 अक्टूबर को बड़े स्तर पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वही इस अवसर पर कार्यक्रम का आभार प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष संजीव दांगी ने व्यक्त किया। इस दौरान गांव के वरिष्ठ समाजसेवी दीवान सिंह, समिति सचिव राजकुमार दांगी, शिव नारायण शर्मा, उधम सिंह राठौर, विशाल सिंह, नवल सिंह, प्रशांत, संजीव, सौरव राठौर सहित बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधारोपण



**सिरोंज।** हरे वृक्षों को काटने का काम तो किया जा रहा है पर उनको लगाने के लिए बहुत कम लोग आगे आते हैं। इसी क्रम में प्रदेश टुडे ने श्रद्धा में आम जनता को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए एक पेड़ लगाने की अपील करते हुए प्रदेश टुडे संवाददाता मुकेश रघुवंशी ने पौधारोपण करके करने के लिए आग्रह करते हुए कहा कि सभी से सामाजिक लोगों खाली स्थान पर ज्यादा संख्या में पर्यावरण को हरा भरा बनाने के लिए पौधारोपण करने के लिए कार्य करें प्रदेश टुडे इस अभियान के तहत सभी लोग से अपील करता है कि अपने पूर्वजों के नाम पर आवश्यक रूप से खाली स्थान पर पौधारोपण करके उनकी देखभाल भी करें यहां बड़े होकर ताजी हवा देंगे और पर्यावरण में जो बदलाव हो रहा है उसमें भी संतुलन बनाने का काम पेड़ करेंगे इसलिए जनहित में पौधारोपण जरूर करें।

# बायर्न म्यूनिख ने रचा इतिहास : चैंपियंस लीग के एक मैच में नौ गोल करने वाली पहली टीम बनी



हैरी केन का जलवा, रूनी का रेकॉर्ड तोड़ा

**म्यूनिख. एजेंसी**

हैरी केन के दमदार प्रदर्शन से जर्मन फुटबॉल क्लब बायर्न म्यूनिख ने यूएफा चैंपियंस लीग के मैच में इतिहास रच दिया। बायर्न ने मंगलवार देर रात खेले गए मैच में डिनामो जाग्रेब को 9-2 से हराया। इसके साथ ही बायर्न यूएफा चैंपियंस लीग के एक मैच में नौ गोल करने वाला पहला क्लब बन गया है। टीम की जीत में इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने चार गोल किए और वेन रूनी का रेकॉर्ड तोड़कर चैंपियंस लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले इंग्लिश खिलाड़ी बन गए। उनके नाम 45 मैचों में 33 गोल हो गए हैं।

### केन ने लगाई रेकॉर्ड की झड़ी...

2024 बायर्न म्यूनिख डिनामो जाग्रेब 9-2, 2016 बी. डोर्टमंड लेगिया वारसॉ 8-4, 2003 मोनाको डेपोर्टिवो 8-3, 2020 बायर्न म्यूनिख बार्सिलोना 8-2

33 गोल करने के साथ ही लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले इंग्लिश फुटबॉलर बने, पहले इंग्लिश खिलाड़ी चैंपियंस लीग के एक मैच में चार गोल करने वाले, पहले इंग्लिश खिलाड़ी हैं गैर इंग्लिश क्लब के लिए हैट्रिक बनाने वाले, पहले खिलाड़ी बने लीग में पेनल्टी पर हैट्रिक लगाने वाले, 24वीं हैट्रिक लगाई अपने करियर की, लगातार दूसरी हैट्रिक बनाई बायर्न के लिए, नौ गोल कर चुके हैं इस सीजन बायर्न के लिए खेले पांच मैचों में

**दे दना दन गोल:** हैरी ने 19वें, 57वें, 73वें और 78वें मिनट में गोल किए। राफेल गुयेरेरो 33वें, माइकल ओलिस 38वें, 61वें, लेरॉन साने 85वें व गोरेट्ज़ेका ने स्टापेज टाइम में गोल दागे।

## चेन्नई टेस्ट: आकाश दीप ने जाकिर के बाद मोमिनुल को बोल्ड किया

# भारत पहली पारी में 376 पर ऑलआउट, बांग्लादेश 26/3

**चेन्नई. एजेंसी**

भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 376 रन पर ऑलआउट हो गई है। शुक्रवार को मुकाबले के दूसरे दिन टीम इंडिया ने 339/6 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 37 रन बनाने में आखिरी के 4 विकेट गंवा दिए। इनमें से 3 विकेट तस्कीन अहमद ने झटके। पहले दिन शतक बना चुके रविचंद्रन अश्विन ने 113 रन बनाए, जबकि रवींद्र जडेजा 86 रन पर आउट हुए। वे आज कोई रन नहीं नहीं बना सके। आकाश दीप ने 17 और जसप्रीत बुमराह ने 7 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश की ओर हसन महमूद ने 5 विकेट झटके। एक विकेट मेहदी हसन मिराज को मिला।

पहले सेशन तक बांग्लादेश ने पहली पारी में 26 रन पर 3 विकेट गंवा दिए हैं। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो और मुश्फिकुर रहीम नाबाद हैं। मोमिनुल हक शून्य और जाकिर हसन 3 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को आकाश दीप ने लगातार बॉल पर बोल्ड किया। शादमान इस्लाम (2 रन) को जसप्रीत बुमराह ने पहले ओवर की आखिरी बॉल पर बोल्ड किया। दूसरे दिन का पहला सेशन भारत के नाम रहा। इस सेशन में 7 विकेट गिरे और 63 रन बने। भारत ने 339/6 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 37 रन बनाने में आखिरी के 4 विकेट गंवा दिए। फिर बांग्लादेशी टीम ने भी 26 रन बनाने में 3 विकेट खो दिए।



### जाकिर हसन को जीवनदान, रोहित ने डीआरएस नहीं लिया

मोहम्मद सिराज के ओवर में जाकिर हसन को जीवनदान मिला। चौथे ओवर की 5वीं बॉल हसन के पैड पर लगी और उन्होंने जोरदार अपील की, लेकिन फील्ड अंपायर ने इसे नकार दिया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के पास छ्त्र्स का विकल्प था, लेकिन उन्होंने विकेटकीपर पंत की सलाह के बाद छ्त्र्स नहीं लिया। बाद में रिप्ले देखने पर पता चला कि बॉल लेग स्टंप पर थी और जाकिर हसन आउट थे। तब जाकिर हसन 2 रन पर खेल रहे थे। आकाश दीप ने 9वें ओवर में लगातार बॉल पर विकेट लिए। उन्होंने पहली बॉल पर जाकिर हसन और दूसरी बॉल पर मोमिनुल हक को बोल्ड किया। जाकिर 3 और मोमिनुल शून्य पर आउट हुए। बांग्लादेश ने 2 रन पर पहला विकेट गंवा दिया है। जसप्रीत बुमराह ने पारी के पहले ओवर में शादमान इस्लाम को बोल्ड कर दिया।

# चेस ओलिंपियाड: 8वें राउंड में ईरान को 3.5-0.5 से हराया, 16 मैच पॉइंट्स के साथ टॉप पर

### लड़कियों ने जॉर्जिया को दी मात

**बुडापेस्ट. एजेंसी**

चेस ओलिंपियाड में भारत का विजयी अभियान जारी है। टीम इंडिया 8 राउंड के बाद 16 मैच लेकर पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। वहीं, विमेंस कैटेगरी में इंडिया 14 मैच पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। अभी तीन राउंड बाकी हैं। टूर्नामेंट का 11वां और फाइनल राउंड 22 सितंबर को खेला जाएगा। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में चल रहे टूर्नामेंट में बुडापेस्ट में भारतीय टीम ने 8वें राउंड में ईरान को 3.5-0.5 से हराया, जबकि महिला टीम को पोलैंड के खिलाफ पहली बार 1.5-2.5 की पराजय का सामना करना पड़ा। चेस ओलिंपियाड के हर राउंड में 4 इंडिविजुअल मुकाबले होते हैं। हर मुकाबले को जीतने पर एक अंक मिलता है, जबकि ड्रॉ की स्थिति में आधा अंक मिलता है। फिर टोटल अंकों के आधार पर उस राउंड का विनर डिसाइड होता है। अर्जुन, गुकेश और गुजराती जीते, प्रगनानंदा ने ड्रॉ खेला ओपन कैटेगरी के 8वें राउंड में भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी



गुकेश और अर्जुन एरिगैसी ने काले मोहरों के साथ जीत दर्ज की, जबकि विदित गुजराती ने सफेद मोहरों से मुकाबला जीता। इस कैटेगरी के आखिरी गेम में प्रज्ञानंदा का मैच ड्रॉ रहा। चार मैचों में ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने लेला जावाखिशविली और वंतिका अग्रवाल ने बेला खोतेनाश्विली को हराया। हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख का मैच ड्रॉ रहा। बता दें 1 सितंबर से शुरू हुआ यह ओलिंपियाड 22 सितंबर तक चलेगा।

## युवाओं के लिए साक्षी और गीता फोगाट ने शुरू की नई कुश्ती लीग

**नई दिल्ली. एजेंसी**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि साक्षी व गीता द्वारा घोषित रेसलिंग चैंपियंस सुपर लीग में महासंघ की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा, यह उनकी निजी लीग है। जैसे लोग दंगल आयोजित करते हैं, वैसे ही यह लीग है डब्ल्यूएफआइ की इसमें कोई भूमिका नहीं है और हम इसका समर्थन नहीं करते हैं। युवा प्रतिभाओं को आगे लाना जरूरी साक्षी और गीता फोगाट ने कहा, आपने हम पर जो भरोसा दिखाया, उसके बदले यह जरूरी है कि हम अपने अनुभव और सफलता को खेल की सेवा में समर्पित कर दें। इस कारण हम दोनों मिलकर रेसलिंग चैंपियंस सुपर लीग शुरू करने का ऐलान करते हैं।

## मालविका ने ओलंपिक पदक विजेता को हराया

**चांग्झू (चीन). एजेंसी**

भारत की मालविका बंसोड़ ने यहां चीन ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में उलटफेर करते हुए पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को शिकस्त दी। 43वें नंबर की खिलाड़ी मालविका ने इंडोनेशियाई खिलाड़ी को 26-24, 21-19 से हरा करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वहीं भारत की आकर्षी कश्यप को चीनी ताइपे की चियू पिन चियान के खिलाफ 15-21 19-21 से हार मिली।



## मेट्रो बाजार

# 67% म्यूचुअल फंड्स ने अगस्त में दिया शेयर बाजार से ज्यादा रिटर्न

**मुंबई. एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार पिछले कई महीनों से तेजी से बढ़ा है और निवेशकों को मालामाल किया है, लेकिन रिटर्न देने के मामले में म्यूचुअल फंड्स ने निफ्टी जैसे कई बेंचमार्क को पीछे छोड़ दिया है। पीएल वेल्थ मैनेजमेंट द्वारा किए गए एक अध्ययन में 283 ओपन-एंडेड इक्विटी डायवर्सिफाइड फंडों का




विश्लेषण किया गया और पाया कि उनमें से 67 प्रतिशत ने अपने संबंधित बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया है। जबकि पिछले महीने यानी जुलाई में केवल 39 फीसदी योजनाएं अपने बेंचमार्क को मात देने में सफल रही थी। अगस्त में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) 2.04 प्रतिशत बढ़कर 25.64 लाख करोड़ रुपए हो गईं। मिड कैप फंड सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली श्रेणी हैं, जहां 79 फीसदी योजनाओं ने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया। इसके बाद फोकस्ड फंड की योजनाओं का स्थान रहा, जिन्होंने अपने संबंधित बेंचमार्क से 75 फीसदी बेहतर प्रदर्शन किया।

## चालू वित्त वर्ष के पांच महीनों के दौरान डीओसी का निर्यात 4 फीसदी घटा

**नई दिल्ली. एजेंसी**

चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले पांच महीनों अप्रैल से अगस्त के दौरान डीओसी के निर्यात में 4 फीसदी की गिरावट आकर कुल निर्यात 1,868,789 टन का ही हुआ है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में इनका निर्यात 1,945,553 टन का ही हुआ था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अनुसार अगस्त में देश से डीओसी के निर्यात में 11 फीसदी की कमी आकर कुल निर्यात 314,363 टन का ही हुआ है, जबकि पिछले साल अगस्त में इनका निर्यात 354,206 टन का हुआ था। एसईए के अनुसार चालू वर्ष के पहले पांच महीनों (अप्रैल से अगस्त 2024) के दौरान सोया डीओसी का निर्यात बढ़कर 8.48 लाख टन का हुआ है, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान केवल 4.81 लाख टन का ही हुआ था। अत~सोया डीओसी के निर्यात में बढ़ोतरी ईरान और फ्रांस द्वारा अधिक मात्रा में आयात को जाता है। बांग्लादेश और दक्षिण कोरिया सरसों डीओसी के प्रमुख आयातक हैं।

## हीरे के बिजनेस में मंदी कई कंपनियों पर संकट

**नई दिल्ली. एजेंसी**



### जीटीआरआईं आयात-निर्यात में गिरावट

'हीरा' आज भी पूरी दुनिया में अमीरी का सिंबल माना जाता है लेकिन, फिलहाल यह अमीर बिजनेस घोर 'गरीबी' के दौर से गुजर रहा है। आलम ये हो गया है कि 7 हजार कंपनियों को एक साथ नुकसान उठाना पड़ रहा तो हजारों की नौकरी जाने का संकट पैदा हो गया है। अभी तक 60 लोग जान भी गंवा चुके हैं। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। भारत का हीरा क्षेत्र गंभीर संकट का सामना कर रहा है, क्योंकि पिछले तीन वर्षों में आयात व निर्यात दोनों में ही भारी गिरावट आई


**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## जान्हवी कपूर ने खुशी की रील देखकर कसा तंज, बोलीं- तो इसलिए सेट पर आने में देर हुई



जान्हवी कपूर ने अपनी बहन खुशी कपूर और दोस्त मुस्कान की रील देखकर मजेदार तंज कसा। वहीं, खुशी ने भी कमेंट करते हुए मुस्कान की टांग खींची। जान्हवी कपूर की नई फिल्म देवरा रिलीज होने वाली है। इसमें उनकी और जूनियर एनटीआर की जोड़ी देखने को मिलेगी। जान्हवी अपनी फिल्म का जमकर प्रचार कर रही हैं। इसी बीच, उनकी दोस्त और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मुस्कान ने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार वीडियो साझा किया, जिसमें खुशी कपूर भी नजर आ रही हैं। इस वीडियो पर जान्हवी ने एक कमाल का कमेंट किया है। मुस्कान ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें वो और खुशी तैयार होती दिख रही हैं। इस वीडियो पर मजाकिया अंदाज में तंज कसते हुए जान्हवी कपूर ने लिखा कि यही वजह है कि तुम मेरी फिल्म के सेट पर देर से आई। इस पर जवाब देते हुए मुस्कान ने हंसी वाले इमोजी शेयर किए। जान्हवी के अलावा उनकी बहन खुशी भी कमेंट करने से पीछे नहीं रही। उन्होंने दोस्त की टांग खिंचाई करते हुए कमेंट कर लिखा- चुड़ैल। इस पर मुस्कान ने प्रतिक्रया देते हुए लिखा ज्यादा स्मार्ट मत बनो। तीनों के बीच हुई इस मजाक-मस्ती को देखकर इनके फैंस काफी खुश नजर आए। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने खुशी और मुस्कान की तारीफ भी की।

## ऐश्वर्या के गाने देख उनके हाव-भाव की नकल करती थीं आलिया



आलिया भट्ट हिंदी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री हैं, जिन्हें उनकी बहुमुखी अभिनय क्षमता के लिए जाना जाता है। उन्होंने लगातार अपनी शानदार अभिनय क्षमता से दर्शकों का दिल जीता है। राजी, गंगूबाई काठियावाड़ी आदि कई फिल्मों से उन्होंने अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया है। आलिया अपनी फिल्म जिगरा के प्रमोशन में व्यस्त हैं। वह कई इंटरव्यू दे रही हैं। इस बीच एल्योरा मैगजीन को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री ऐश्वर्या राय को लेकर बात की है। आलिया ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में की हैं। कई नवोदित अभिनेत्रियों के लिए वो प्रेरणास्त्रोत हैं, इस बीच हाल में ही उन्होंने दिग्गज अभिनेत्री ऐश्वर्या राय के अपने उपर हुए प्रभाव को लेकर बात की है। उन्होंने याद करते हुए बताया कि वह ऐश्वर्या के गाने देखकर उनके चेहरे के हाव-भाव को समझती थीं। दरअसल इस इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री से भारतीय सिनेमा से अपने पसंदीदा कलाकार का नाम बताने के लिए कहा गया। इसके जवाब में अभिनेत्री ने शाहरुख खान के बाद ऐश्वर्या राय बच्चन का नाम लिया।

### • कैटरीना कैफ की पोस्ट पर किया कमेंट

## अभिनेता विक्की कौशल पत्नी कैफ से बोले - मेरे साथ कब काम करोगी...

अभिनेता विक्की कौशल अक्सर प्रशंसकों के बीच अपनी पत्नी को लेकर बात करते दिखाई देते हैं। एक बार फिर वह सोशल मीडिया से अपनी पत्नी को लेकर चर्चा में आ गए हैं। विक्की कौशल ने उनकी पोस्ट पर कमेंट करते हुए पूछा कि वह कब उनके साथ काम करेंगी। अभिनेता विक्की कौशल और कैटरीना कैफ बॉलीवुड के चहेते कपल स्टार्स में से एक हैं। प्रशंसक अपने फेवरेट स्टार्स को लेकर हमेशा उत्साहित रहते हैं। सोशल मीडिया पर दोनों एक बार फिर चर्चा में हैं। विक्की कौशल अपनी पत्नी कैटरीना के साथ कोलैबोरेट करने के लिए उत्साहित हैं। कैटरीना की हाल ही पोस्ट में विक्की कौशल ने कमेंट किया है। कैटरीना कैफ ने ब्यूटी इंडस्ट्री में मशहूर नाम हुदा कट्टन के साथ मिलकर उनके ब्रांड के बारे में एक इंटरव्यू दिया। बॉलीवुड अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर बातचीत पोस्ट करते हुए लिखा, कैटरीना कैफ की इस पोस्ट पर विक्की कौशल ने कमेंट किया है। कैटरीना विक्की कौशल के साथ कब काम करेंगी। इस पर फैंस ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। विक्की कौशल के इस कमेंट पर प्रशंसकों ने कई सारे कमेंट किए हैं। एक यूजर ने कहा, हमें यह सहयोग देखना अच्छा लगेगा जबकि दूसरे ने उन्हें क्यूटीज कहा। एक उपयोगकर्ता ने कहा, अरे, आपकी टिप्पणी पढ़ने के बाद मैं बहुत शरमा गया। एक अन्य टिप्पणी में लिखा था, अगर ऐसा होता है तो इसका इंतजार कर रहा हूं। विक्की कौशल से पत्नी कैटरीना के साथ फिल्म करने को लेकर प्रश्न पूछा गया था। इस दौरान विक्की ने कहा, हम भी ऐसी कहानी की तलाश में हैं।

### • बच्चे उदाहरण से सीखते हैं...

## बच्चों के लिए खुद का स्क्रीन टाइम भी कम करती हैं एक्ट्रेस करीना कपूर

बच्चों के स्क्रीन टाइम को कम करने को लेकर अभिनेत्री करीना कपूर खान का मानना है कि बच्चे उदाहरण से ही सीखते हैं, इसलिए बतौर माता-पिता उन्हें भी वो सारी चीजें करनी पड़ती हैं, जो वो बच्चों से कराना चाहते हैं। करीना कपूर खान हिंदी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने कई सफल और यादगार फिल्मों में काम किया है। जब वी मेट और कभी खुशी कभी गम में उनकी भूमिका के लिए उन्हें आज भी काफी सराहनाएं मिलती हैं। अभिनेत्री ने हिंदी सिनेमा में 25 साल पूरे कर लिए हैं। उनकी इस सफलता का जश्न मनाने के लिए उनकी फिल्मों के फेस्टिवल की तैयारी भी की जा सरही है। इस बीच अभिनेत्री ने अपने बेटों तैमूर और जहांगीर के स्क्रीन टाइम को मैनेज करने को लेकर बात की है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि वह जब भी उनकी स्क्रीन टाइम को कम करने की कोशिश करती हैं, तो वो दोनों उनसे उनके स्क्रीन टाइम को लेकर सवाल पूछने लगते हैं। अभिनेत्री के लिए दोनों बच्चों के स्क्रीन टाइमिंग को नियंत्रित करना काफी मुश्किल रहता है। सोमवार से शुक्रवार तक उनकी स्क्रीन टाइम कम रहती है, लेकिन वह हमेशा पूछते हैं कि फिर आप टीवी क्यों देख रहे हो? आप अपने फोंन पर क्यों हो? इन दिनों माता-पिता को भी वो सारी चीजें करनी पड़ती हैं, जो वह अपने बच्चों से कराना चाहते हैं। ऐसे में जब हम उन्हें सुलाना चाहते हैं, तो हम भी पढ़ते हैं और जब तक वो सो नहीं जाते, तब तक टीवी नहीं देखते। मुझे लगता है कि बच्चे उदाहरण से सीखते हैं।

# सर्राफा व्यवसायी पर छुरी से प्राणघातक हमला

## धक्का लगने को लेकर हुआ था विवाद

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



कोतवाली इलाके में गणेश प्रतिमा चल समारोह देखने निकले एक सरार्फा व्यवसायी पर अज्ञात युवक ने चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। उनके बीच धक्का लगने को लेकर विवाद हुआ था। गंभीर रूप से घायल व्यवसायी को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार सतीश अग्रवाल (45) अशोक विहार कालोनी अशोका गार्डन में रहते हैं। वह मारवाड़ी रोड चौक बाजार में ज्वैलर्स की दुकान चलाते हैं। दुकान बंद करने के बाद सतीश अपने दोस्त सचिन गुप्ता के साथ चल समारोह में झांकी देखने निकले थे। रात करीब पौने 3 बजे वह पैदल चलते हुए पीरगेट से सिंधी मार्केट की तरफ जा रहे थे। इसी बीच जयहिंद बेकरी के पास पीछे से आए एक लड़के ने उन्हें धक्का मार दिया। सतीश ने उसे देखकर चलने का बोला तो लड़के ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें पीछे से पकड़ लिया और धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे सतीश के सिर और माथे में गंभीर चोट लगी और वह जमीन पर गिर पड़े। उसके बाद हमलावर वहां से भाग निकला। दोस्त सचिन ने उन्हें इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से दूसरे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने सतीश की रिपोर्ट पर अज्ञात हमलावर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुरानी रंजिश पर छुरी से हमला तलैया इलाके में रहने वाला आर्यन बाथम आटो चलाता है। बुधवार की रात वह दोस्तों के साथ गणेश झांकी देखने निकला था। रात करीब सवा चार बजे वह बाल्कमी धर्मशाला के पास पहुंचा, तभी युवराज श्रीवास्तव मिल गया। पुरानी विवाद के चलते उसने गाली-गलौज करते हुए आर्यन के गाल पर छुरी से हमला कर दिया। इधर, न्यू शिवनगर पिपलानी में रहने वाला शिवांश गुर्जर अपने दोस्त अरुण मगेशकर के साथ झांकी देखने निकला था। रात करीब डेड़ बजे गग्गू नामक युवक ने पुरानी रंजिश के चलते अरुण के साथ गाली-गलौज करते हुए उसके सिर पर छुरी से महला कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज कर लिया है।

# रिटायर्ड फौजी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** रातीबढ़ थाना क्षेत्र स्थित विशाल नगर फेस वन में गुरवार शाम रिटायर्ड फौजी ने फांसी लगा ली। उनकी पत्नी उन्हें फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गई थी। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या के कारण का खुलासा नहीं हो सका है। आज उनका शव पीएम के बाद परिजन को सौंपा जाएगा। परिजन के बयान होने के बाद ही आत्महत्या के कारण का पता चल सकेगा। पुलिस ने उनका कमरा सील कर दिया है। पुलिस के अनुसार विशाल नगर फेस-वन निवासी प्रमोद पांडे पिता मनीषा पांडे (45) आर्मी से रिटायर्ड थे। वे परिवार के साथ विशाल नगर में रह रहे थे। उनकी पत्नी अल्पना पांडे ने बताया कि गुरुवार शाम प्रमोद अपने कमरे थे। काफी देर तक वह नजर नहीं आए। उनको देखने वह कमरे में पहुंची तो प्रमोद फांसी के फंदे पर लटके मिले।

## 3 साल की बच्ची से किया था दुष्कर्म, पंद्रह दिन के अंदर चालान होगा पेश

# पत्नी की मौत के बाद आरोपी को लग गई थी पोर्न वीडियो की लत

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

तीन साल सात महीने की बच्ची से दुष्कर्म करने वाला कासिम रेहान की पत्नी की मौत हो चुकी है और वह पोर्न वीडियो देखने का शौकीन था। अनुमान है कि पोर्न वीडियो की लत के कारण ही उसके मन में यह विकार आए और उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने बताया कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस 15 दिन के अंदर कोर्ट में चालान पेश करने का पूरा प्रयास करेगी। इसके लिए जांच में जुटी टीम सबूतों को इकठ्ठा करने में जुटी हुई है। चालान में ऐसी कोई गल्ती नहीं हो जिससे कि आरोपी को फायदा मिले। हालांकि, बच्ची के बयान ही आरोपी को सजा दिलाने में काफी होंगे। इधर, गुरुवार को पीड़ित बच्ची की चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की टीम ने काउंसलिंग की है। बच्ची ने उसके साथ बैड टच करने वाले डैडी अंकल का नाम लिया। इस दौरान बच्ची के माता-पिता भी मौजूद रहे। टीम की रिपोर्ट पुलिस अपनी चालान डायरी में लगाएगी। जो अहम साक्ष्य बनेगा।

**फुटेज में क्लास रूम के अंदर जाता हुआ दिखा:** पुलिस ने स्कूल का सीसीटीवी फुटेज लिया है। इसमें आरोपी बच्ची के क्लास रूम में जाते हुए दिख रहा है। हालांकि, फुटेज की क्वालिटी सही नहीं है। पुलिस जल्द ही अब पीड़िता व उसकी मां के 164 के बयान कोर्ट में कराएगी। शुक्रवार को पुलिस बयान दर्ज कराने की कोशिश करेगी।

**रेप के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुआ था आरोपी:** मार्च 2024 में झारखंड में महिला बाइकर से रेप की घटना के बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। उन विरोध प्रदर्शन में आरोपी टीचर कासिम रेहान भी शामिल हुआ था। उसने एमपी नगर में बाइकर ग्रुप के साथ कैंडल मार्च निकाला था।



## शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म, दो लाख और स्कूटर हड़पी

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र में एक युवती से दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला सामने आया है। आरोपी शादी का प्रलोभन देकर उसे कलियासोत के जंगल ले गया था। वहां उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद उसका दैहिक शोषण करने लगा। आरोपी ने उसकी स्कूटर तथा दो लाख रुपए भी हड़पे हैं। युवती और उसके परिजन ने आरोपी पर शादी का दबाव बनाया तो वह शादी से मुकर गया। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली 25 साल युवती प्रायवेट काम करती है। करीब दो साल पहले वह अपने गांव सीहोर एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंची थी, जहां उसकी मुलाकात प्रशांत नामक युवक से हुई। जान-पहचान के बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई तो प्रशांत युवती से मिलने के लिए भोपाल आने लगा। नवंबर 2022 में वह युवती को घुमाने के बहाने अपने साथ कलियासोत लेकर पहुंचा। वहां जंगल एरिया में उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया। युवती जब इसका विरोध किया तो उसने जल्द ही शादी करने का वादा कर लिया। उसके बाद होटल और अन्य स्थानों पर कई बार उसने युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए। स्कूटर समेत लाखों रुपए हड़पे युवती ने एक स्कूटर अपने नाम पर फायनेंस करवाई थी, जिसे उसने प्रशांत ने चलाने के लिए मांग लिया था। युवती ने स्कूटर देते समय उसकी किश्त समय पर भरने की बात की बात कही थी, लेकिन उसने कोई किश्त नहीं भरी। उसके पहले वह परिजन की बीमारी का बहाना बनाकर करीब दो लाख रुपए युवती से ऐंठ चुका था। कुछ समय पहले स्कूटर की किश्त लेने के लिए रिकवरी वाले युवती के घर पहुंचे तो परिजनों को इसका पता चला। इसके बाद युवती और उसके परिजन ने प्रशांत के घर जाकर शादी करने की बात कही तो उसने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। परेशान होकर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

## थाने में दैवेभो की मौत का मामला

# ज्यूडिशियल जांच के आदेश, कार्यवाहक एसआई की ड्यूटी में बदलाव, डीसीपी कार्यालय पहुंचाया

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



ऐशबाग थाने में बुधवार शाम दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी की मौत के मामले ज्यूडिशियल जांच के आदेश दिए गए है। पुलिस ने थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे हैं। कैमरे में मृतक के साथ मारपीट होती हुई नजर नहीं आई है। इस मामले में कार्यवाहक एसआई अनिल श्रीवास्तव के ड्यूटी में बदलाव किया गया है। हालांकि आलाधिकारियों ने इसे सामान्य बदलाव बताते हुए कहा कि जरूरत के अनुसार कार्यवाहक एसआई अनिल श्रीवास्त की ड्यूटी जोन वन डीसीपी कार्यालय में लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि बाग फरहता अफ्जा निवासी 47 साल के मोहम्मद अकरम लोक निर्माण विभाग में दैनिक वेतन भोगी थे। उनकी बहू ने बेटे पत्नी समेत उनके खिलाफ दहेज प्रताड़ना और महिला उत्पीड़न की शिकायत की थी। पुलिस ने उन्हें पक्ष सुनने के लिए बुलाया था। अकरम अपनी पत्नी और बेटे के साथ थाने पहुंचे। उनसे पुलिसकर्मी अनिल श्रीवास्तव ने बैठने के लिए कहा। वह बेंच पर बैठ गए। पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही थी, तभी अकरम की तबीयत बिगड़ गई। घबराहट होने पर परिजन अकरम को लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है एडीसीपी रश्मि अग्रवाल ने बताया कि अकरम का शव गुरुवार को पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है।

# आज अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशती संगोष्ठी

**भोपाल।** साहित्य अकादमी, नई दिल्ली एवं अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशती संगोष्ठी का आयोजन 20 एवं 21 सितंबर को किया जाएगा। राजधानी के पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षण संस्थान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ आज किया जाएगा। स्वागत वक्तत्व के. श्रीनिवासराव, सचिव साहित्य अकादेमी, विशिष्ठ अतिथि गोविंद मिश्र, मुख्य अतिथि माधव कौशिक, अध्यक्ष साहित्य अकादमी रहेंगे।

# मैदामिल के कर्मचारी को न्यूड वीडियो कॉल कर साढ़े छह लाख रुपए की ठगी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मैदा मील में काम करने वाले 56 साल के व्यक्ति को न्यूड वीडियो कॉल में फंसाकर साड़े 6 लाख रुपए की ब्लैकमेलिंक का मामला सामने आया है। उन्हें नए नंबर से गत 8 अगस्त को कॉल आया था। इस दौरान एक युवती ने न्यूड होकर उनसे बात की और उनका वीडियो बना लिया। अब इस वीडियो के माध्यम से उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा है। बदनामी के डर से डरे सहमे कर्मचारी ने घटना की शिकायत 13 अगस्त को की। सायबर क्राइम ब्रांच ने उनकी शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने उक्त मामले में एक निजी बैंक के रिलेशन मैनेजर को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि उसने जालसाजों को अन्य प्राइवेट बैंक के अकाउंट बेचे थे।




जानकारी के अनुसार 56 साल के व्यक्ति मैदा मील में कर्मचारी हैं। उन्होंने सायबर क्राइम को 13 अगस्त को शिकायती आवेदन दिया। आवेदन में उन्होंने बताया कि 8 अगस्त को उनके पास नए नंबर से वीडियो कॉल आया। उन्होंने कॉल अटैंड किया और एक युवती ने उनके साथ वीडियो बना लिया। इस वीडियो को वायरल करने और पुलिस में शिकायत करने की धमकी देकर उनके से साड़े 6 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। रुपए पंजाब और भोपाल के खाते में ट्रांसफर किए गए थे। सायबर क्राइम ब्रांच ने पुराने भोपाल स्टेशन के पास निजी बैंक में रिलेशन मैनेजर की नौकरी करने वाले आसिफ खान को गिरफ्तार किया है। आसिफ खान पर आरोप है कि उसने ही जालसाजों को भोपाल के कुछ अकाउंट बेचे थे, जिनमें रकम ट्रांसफर हुई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत




भोपाल, दोपहर मेट्रो।

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित अन्ना नगर चौराहा पर गुरुवार सुबह अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल को निजी अस्पताल ले जाया गया, वहांड़डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस चौराहा पर लगे सीसीटवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार दीपू पिता हरिया (57) अन्ना नगर में रहतेड़थे और प्राइवेट काम करते थे। गुरुवार सुबह वह अन्ना नगर चौराहा पर सड़क पार कर रहे थे, तभी उन्हें अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन चौराहा पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने बताया कि दीपू की मौत हो चुकी है। इधर, अरेरा हिल्स में 70 साल की महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उन्हें उनका रिश्तेदार इलाज के लिए अस्पताल ले गया था। पुलिस को उसने बताया कि उनका एक्सीडेंट हो गया है। पुलिस के अनुसार जगपति बाई पति स्वर्गीय गंगाराम (70) ओम नगर झुग्गी में रहती थी। कल शाम उनका रिश्तेदार उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचा। उन्हें शरीर में चोट थी। कुछ देर चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई।

# बेहोश मिले अज्ञात व्यक्ति की मौत

**भोपाल।** टीटी नगर इलाके में बेहोशी की हालत में मिले अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बुधवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे डिपो चौराहे के पास एक युवक बेहोशी की हालत में मिला था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने उसे इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए मचुर्री भेज दिया है। मृतक के पास ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान की जा सके। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बताई गई है। वह हाफ लोवर और शर्ट पहने हुए था। पुलिस हुलिए के आधार पर मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# सफर के दौरान यात्रियों का हजारों का सामान हुआ चोरी



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

ट्रेनों में सफर के दौरान यात्रियों का सामान चोरी होने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई यात्रियों के लैपटाप और मोबाइल फोन समेत अन्य सामान चोरी चला गया। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार प्रयागराज उत्तर प्रदेश निवासी राजन कुमार ओझा अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस में विदिशा से संत हिरदाराम नगर की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान सीटे के नीचे रखा उनका बैग चोरी हो गया। बैग में 30 हजार रुपए कीमत का लैपटाप, चार्जर और कपड़े समेत अन्य सामान रखा था। इसी प्रकार ललितपुर निवासी राजकुमार नामदेव का लखनऊ एक्सप्रेस में सफर के दौरान बैग चोरी हो गया। बैग में 2 सोने के मंगलसूत्र, सोने का हार और 6 हजार रुपये नकद रखे हुए थे। बैतूल निवासी राजू दावड़े छत्तीसगड़ एक्सप्रेस में भोपाल से आमला जा रहे थे। इस दौरान उनका पर्स चोरी हो गया। पर्स में पेनकार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और 3000 रुपए नकद रखे थे। इधर, पंचवेली एक्सप्रेस में भोपाल से बैतूल की यात्रा कर रहे नाथूलाल वर्मा की जेब से मोबाइल चोरी हो गया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 12 हजार रुपये बताई गई है। उन्होंने घटना की शिकायत बैतूल चौकी में की थी। इसी प्रकार शहडोल निवासी कृष्णपाल बैस नर्मदा एक्सप्रेस में भोपाल से शहडोल की यात्रा कर रहे थे। प्लेटफार्म क्रमांक चार पर ट्रेन में चढने़ के दौरान किसी ने उनकी जेब से आईफोन चोरी कर लिया। चोरी गए फोन की कीमत 30 हजार रुपए बताई गई है। जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# सूने मकान से जेवरात चोरी

**भोपाल।** कटारा हिल्स स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपये कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की सूची और कीमत का खुलासा मकान मालिक के लौटने पर होगा। पुलिस के मुताबिक राजेद्र बकोडिया सनसिटी कालोनी कटारा हिल्स में रहते हैं। पिछले दिनों वह मकान पर ताला लगाकार बैंगलोर चले गए थे। पड़सियों ने घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। उसके बाद राजेंद्र ने सुभाष नगर ऐशबाग निवासी अपने भतीजे जितेंद्र को घर भेजा। जितेंद्र ने मकान चैक रने के बाद थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बदमाश कितना सामान चोरी करके ले गए है, इसका खुलासा राजेंद्र के लौटने पर हो सकेगा।

## जहरीला पदार्थ पीने से युवक की मौत

**भोपाल।** मिसरोद इलाके में रहने वाले एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक भोजपुर निवासी शिवराज यादव (23) ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गुरुवार की शाम को उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। इधर इंद्रप्रस्थ कालोनी कोहेफिजा निवासी गिरीश नामक युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मेट्रो एंकर** | राजधानी में नहीं थम रही चोरी की वारदात

# अस्पताल के सामने खड़ी कर्मचारी की बाइक चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

शाहजहांनाबाद स्थित निजी अस्पताल के सामने खड़ी एक युवक की बाइक चोरी चली गई। कई अन्य स्थानों से बदमाश दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक गोलू खान (21) ग्राम दोराहा, तहसील श्यामपुर जिला सीहोर का रहने वाला है। वह शाहजहांनाबाद स्थित सिटी केयर अस्पताल में इंटर्नशिप कर रहा है। गत दिवस उसने अपनी बाइक अस्पताल के सामने खड़ी की और अंदर चला गया। ड्यूटी समाप्त होने के बाद देखा तो बाइक नहीं थी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इधर शंकर नगर अशोका गार्डन में रहने वाली पूजा चौहान (26) स्वयं की भोजनालय चलाती हैं। गत दिवस वह होटल में काम करने वाली युवती को छोड़ने के लिए संगम टाकीज गई थी। उनके



साथ छोटा भाई भी था। युवती को छोड़ने के बाद भाई-बहन होटल अल मदीना के सामने चाय की दुकान पर चाय पीने लगे। इस दौरान उन्होंने स्कूटर की चाबी लगी हुई छोड़ दी थी। करीब दस मिनट बाद दोनों चाय पीकर बाहर निकले तो स्कूटर चोरी हो चुकी थी। इधर शीतल नगर बैरसिया रोड गौतम नगर निवासी राकेश अहिरवार मेट्रो में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते हैं। गत दिवस वह बैरागढ़ से गणेशजी का विसर्जन करने के बाद घर लौटे। उन्होंने अपनी बाइक घर के सामने खड़ी की और अंदर चले गए। अगले दिन सुबह करीब आठ बजे देखा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**झांकी देखने निकले युवक की स्कूटर चोरी:** प्रायवेट काम करने वाले देवेंद्र कीर गणेश झांसी देखने के लिए हनुमानगंज पहुंचे थे। उन्होंने रात करीब साड़े ग्यारह बजे अपनी स्कूटर घोड़ा नक्कास स्थित कुंदन नमकीन कारखाने के सामने खड़ी की थी। तड़के करीब तीन बजे स्कूटर के पास पहुंचे तो वह चोरी हो चुकी थी। इसी प्रकार अग्रवाल धर्मशाला के पीछे छोला रोड़ निवासी नीलेश जैन कमीशन एजेंट का काम करते हैं। गत दिवस दोपहर के समय उन्होंने अपनी बाइक घर के नीचे खड़ी की और खाना खाने के लिए चले गए। करीब डेड़ घंटे बाद बाहर निकले तो बाइक चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# रीवांचल एक्सप्रेस में यात्री का मोबाइल झपटा


भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी और लूटपाट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। रीवांचल एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक यात्री से मोबाइल लूटने का मामला सामने आया है। दरअसल, यात्री ट्रेन के एस थ्री कोच में गेट के पास मोबाइल लेकर खड़ा था, तभी उसके हाथ पर झपट्टा मारकर अज्ञात लुटेरे ने मोबाइल झपट लिया।



जीआरपी ने प्रकरण दर्ज कर लुटेरे की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार संदीप कुमार बैस, शहडोल के रहने वाले हैं। उन्होंने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार रात वह रीवांचल एक्स के कोच एस थ्री यात्रा कर रहे थे। वे रानी कमलापति से भोपाल जाते समय उन्होंने अपना मोबाइल हाथ में रखा था और कोच के गेट पर खड़े थे। रेल्वे स्टेशन भोपाल आने के पांच मिनट पूर्व किसी अज्ञात बदमाश ने उनके हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल नीचे गिरा दिया। मोबाइल गिरने के बाद आरोपी मोबाइल लेकर भाग निकला। लूटे गए मोबाइल की कीमत 12 हजार रुपए बताई जा रही है।

# युवक ने फांसी लगा कर की खुदकुशी



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

ऐशबाग में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक सुदामा नगर में रहने वाला इदरीश (30) प्रायवेट काम करता था। बुधवार की रात को उसने घर में फांसी लगा ली। परिजन की नजर पड़ी तो उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी। मामले की जांच की जा रही है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022